| | | |
|---|---|---|
| | | फिनिश्ड प्रोडक्ट्स के सीधे डिस्पैच को योजना के अनुसार संभालना। केटल्स, पंप और फिलिंग लाइनों के सही संचालन को सुनिश्चित करना तथा परिचालन दक्षता बनाए रखने के लिए टैंक ट्रक टर्नअराउंड समय की निगरानी करना।<br>• एनसीजी/पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य: एसओआर और परियोजना विशिष्टताओं के अनुसार एमडीपीई पाइपलाइनों की खाई खोदने, लोवरिंग, इलेक्ट्रोफ्यूज़न जॉइंटिंग और बैकफिलिंग का पर्यवेक्षण करना जिसमें रेल, सड़क, नदी और नहर क्रॉसिंग को एचडीडी, बोरिंग और ओपन-कट विधियों (केस्ड और अनकेस्ड) के माध्यम से निष्पादित करना शामिल है। नेटवर्क योजना और साइट की परिस्थितियों के आधार पर अनुमोदित एचडीडी/मोलिंग गतिविधियों का परिचालन करना, साथ ही विक्रेता और कंसल्टेंट द्वारा उचित क्यूसी दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करना। आरसीसी /पोल मार्कर, जीआई पाइपिंग, राइज़र, वाल्व, रेगुलेटर, कॉपर ट्यूबिंग और स्मार्ट/मैनुअल गैस मीटरों की स्थापना एवं कमीशनिंग की निगरानी करना। एमआरएस और लास्ट माइल कनेक्टिविटी (एलएमसी) कार्यों का परीक्षण, स्थापना और कमीशनिंग करना। आवधिक प्रगति और विचलन रिपोर्ट तैयार करना, प्रमाणन और वैधानिक अनुमतियाँ सुनिश्चित करना, दस्तावेजीकरण बनाए रखना और एमडीपीई नेटवर्क का अंतिम हैंडओवर विपणन एजेंसियों को समन्वय करना।<br>• गोदाम परिचालन: स्वीकृत योजनाओं के अनुसार फिनिश्ड प्रोडक्ट्स की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने हेतु एंड-टू-एंड डिस्पैच और लॉजिस्टिक्स संचालन का प्रबंधन करना। सही आदेश निष्पादन और वाहन प्लेसमेंट के लिए उत्पादन, गुणवत्ता और परिवहन टीमों के साथ समन्वय करना। लोडिंग/अनलोडिंग गतिविधियों, इन्वेंट्री नियंत्रण, स्टॉक मिलान तथा सुरक्षा और गोदाम मानकों के अनुपालन की निगरानी करना। ट्रांसपोर्टर समन्वय को संभालना, डिस्पैच-संबंधी समस्याओं का समाधान करना, दैनिक आदेशों का ट्रैक रखना और निष्पादन, बीमा मामलों एवं ग्राहक शिकायतों पर एमआईएस रिपोर्ट बनाए रखना।<br>• ल्यूब परिचालन: परिचालन और डिस्पैच योजनाओं के अनुसार लुब्रिकेंट की निर्बाध आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित करने के लिए ल्यूब ऑयल परिचालन का प्रबंधन करना। ल्यूब उत्पादों के सही ब्लेंडिंग, भंडारण और डिलीवरी के लिए उत्पादन, गुणवत्ता और लॉजिस्टिक्स टीमों के साथ समन्वय करना। इन्वेंट्री प्रबंधन, स्टॉक मिलान, लोडिंग/अनलोडिंग तथा सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण मानकों के अनुपालन की |



| | | |
|---|---|---|
| | | निगरानी करना। डिस्पैच योजना बनाना, ट्रांसपोर्टर समन्वय करना, समस्याओं का समाधान करना और इन्वेंट्री, डिलीवरी निष्पादन एवं परिचालन दक्षता पर एमआईएस रिपोर्ट बनाए रखना। |
| 2.6 | कनिष्ठ कार्यकारी – गुणवत्ता नियंत्रण | **व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:**<br>• एडिटिव्स, बेस ऑयल, इन-प्रोसेस सैंपल, फिनिश्ड प्रोडक्ट सैंपल, टेंडर सैंपल और आउटसोर्स्ड प्रोडक्ट की प्राप्ति और परीक्षण हेतु तैयार करना।<br>• लागू परीक्षण विधियों के अनुसार समय सीमा के भीतर सैंपल का परीक्षण करना और एसएपी में परीक्षण परिणाम अद्यतन करना।<br>• आंतरिक/बाह्य ग्राहकों को रिपोर्ट संप्रेषित करना।<br>• परिभाषित समयावधि तक परीक्षण किए गए सैंपल को संरक्षित करना और रिटेंशन अवधि समाप्त होने के पश्चात सैंपल का निपटान करना तथा निपटान का रिकॉर्ड बनाए रखना।<br>• कार्यस्थलों पर धीमी गति से चलने वाले/नॉन-मूविंग उत्पादों के निपटान के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना।<br>• प्रयोगशाला उपकरणों की नियमित जांच और अनुरक्षण करना, साथ ही एएमसी की योजना बनाना और समय सीमा के भीतर उसका निष्पादन करना।<br>• समयसीमा के अनुसार एनएबीएल पुन: प्रमाणन सुनिश्चित करना।<br>• तकनीकी उन्नति के अनुसार नए उत्पाद परीक्षण के लिए प्रयोगशाला उपकरण उन्नयन हेतु एनपीसीबी प्रस्ताव विकसित करना।<br>• एमईबी प्रस्तावों के लिए संबंधित लेखा कोड में मासिक व्यय की निगरानी करना।<br>• नियमित प्रक्रिया सुधार हेतु सुविधाओं, परीक्षण विधियों और उपकरणों का उन्नयन करना।<br>• सैंपल परीक्षण और सीआरएम सेल्स के माध्यम से ग्राहकों से राजस्व सृजन करना।<br>• एसओपी के अनुसार प्रयोगशाला में सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करना।<br>• पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का निर्वहन करना। |
| 2.7 | कनिष्ठ कार्यकारी – मानव संसाधन | **व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:**<br>• भर्ती और ऑनबोर्डिंग में सहायता: नौकरी विज्ञापन तैयार करना, रिज़्यूमे स्क्रीन करना, साक्षात्कार नियोजन करना और ऑफर लेटर समन्वय करना। |




| | | |
|---|---|---|
| | | • कर्मचारी रिकॉर्ड, एचआर डेटाबेस और पर्सनल फाइलों का रखरखाव करना, डेटा की सटीकता और गोपनीयता सुनिश्चित करना।<br>• पेरोल प्रोसेसिंग, उपस्थिति ट्रैकिंग, अवकाश प्रबंधन और कर्मचारी लाभ प्रशासन में सहयोग करना।<br>• निष्पादन प्रबंधन प्रक्रियाओं, प्रशिक्षण समन्वय और कर्मचारी समन्वय पहलों में सहायता करना।<br>• कर्मचारियों से एचआर संबंधित समस्याओं की देख रेख तथा शिकायत निवारण और अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं में सहयोग करना।<br>• एचआर रिपोर्ट, एमआईएस और ऑडिट, वैधानिक अनुपालन तथा प्रबंधन समीक्षा के लिए दस्तावेज तैयार करना।<br>• जनशक्ति आयोजना, कार्यबल नियोजन और एचआर नीति कार्यान्वयन हेतु विभागों के साथ समन्वय करना।<br>• कर्मचारी कल्याण कार्यक्रम, टीम-बिल्डिंग गतिविधियाँ और प्रक्रिया सुधार जैसे एचआर परियोजनाओं में सहयोग करना। |
| 2.8 | कनिष्ठ कार्यकारी – अग्नि एवं सुरक्षा | **व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:**<br>• आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं बचाव कार्य: रिफाइनरी के भीतर और बाहर आपात स्थितियों पर प्रतिक्रिया देना, अग्निशमन, बचाव कार्यों और अन्य आपात परिस्थितियों में सक्रिय रूप से भाग लेना, सीमित स्थानों और जलाशयों से एससीबीए (स्व-निहित श्वास उपकरण) का उपयोग कर बचाव कार्य करना।<br>• ऊंचाई से बचाव करना, यूनिट आपातकालीन परिस्थितियों में संचालन में सहायता करना, बड़े परिचालन क्षेत्रों में गतिशील रहना और सुरक्षात्मक उपकरण पहनकर खतरनाक वातावरण में कार्य करना।<br>• फायर कंट्रोल रूम में ड्यूटी निभाना तथा सभी फायर एवं सुरक्षा (एफएंडएस) इन्वेंट्री और अभिलेख बनाए रखना।<br>• फायर वाहन / एंबुलेंस का परिचालन करना और घायल व्यक्तियों को फ़र्स्ट-एड सेंटर / ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर (ओएचसी) / अस्पतालों तक पहुँचाना। |

| | | |
|---|---|---|
| | | • फायर फाइटिंग उपकरण, फायर वाहन और उनके सिस्टम, अन्य उपकरण, फायर प्रोटेक्शन सिस्टम, फायर अलार्म और कम्युनिकेशन सिस्टम, फायर एक्सटिंग्विशर, सुरक्षा उपकरण और रसायनों की जांच, परीक्षण और अनुरक्षण करना।<br>• आवश्यकतानुसार रिफाइनरी के भीतर और बाहर मॉक ड्रिल / फायर ड्रिल में भाग लेना।<br>• आपात स्थितियों में प्रभावी प्रतिक्रिया और समन्वय सुनिश्चित करने हेतु स्थानीय फायर डिपार्टमेंट और आपातकालीन सेवाओं के साथ समन्वय करना। शिफ्ट में काम करना, चेकलिस्ट भरना, दैनिक रूटीन कार्य लॉगबुक, दैनिक शिफ्ट लॉगबुक बनाए रखना और रिलिवर को सही यूनिट हैंडओवर देना। कंट्रोल रूम/इंचार्ज अधिकारी के निर्देशों का पालन करना।<br>• विभिन्न शिफ्टों में कार्य करना।<br>• पर्यवेक्षक द्वारा समय-समय पर सौंपे जाने वाले अतिरिक्त कार्य / जिम्मेदारियाँ निभाना। |
| 2.9, 2.10, 2.11, 2.12 | इंजीनियर (मैकेनिकल / सिविल / इलेक्ट्रिकल / केमिकल) | **इंजीनियरों को किसी भी प्रोफ़ाइल में नियुक्त किया जा सकता है जैसे कि परिचालन, बिक्री, इंजीनियरिंग एवं परियोजनाएँ, रिटेल आउटलेट उन्नयन, परिचालन एवं वितरण, रिफाइनरी आदि। व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:**<br>• पम्पिंग, बूस्टर और रिसीविंग स्टेशनों पर पाइपलाइन सिस्टम का परिचालन और अनुरक्षण करना। सुचारु पम्पिंग परिचालन सुनिश्चित करना, सुरक्षा मानकों का पालन करना और राइट ऑफ़ यूज़ (आरओयू) अनुपालन का प्रबंधन करना।<br>• क्षेत्रीय और फील्ड कार्यस्थलों में रिटेल, एलपीजी, ल्यूब और ईंधन बिक्री को बढ़ावा देना।<br>• उत्पाद प्रदर्शन और ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करने हेतु औद्योगिक और उपभोक्ता ग्राहकों को तकनीकी सेवाएँ प्रदान करना।<br>• एलपीजी संयंत्र निर्माण और वृद्धि, पाइपलाइन अवसंरचना, टर्मिनल और डिपो उन्नयन से संबंधित परियोजनाओं की योजना बनाना और निष्पादित करना। |

| | | |
|---|---|---|
| | | • रिटेल आउटलेट्स का निर्माण और आधुनिकीकरण प्रबंधित करना ताकि कंपनी की ब्रांडिंग, ग्राहक अनुभव लक्ष्यों और परिचालन दक्षता मानकों के अनुरूप हों।<br>• दैनिक परिचालन की निगरानी करना, जिसमें गैन्ट्री कार्य, टर्मिनल परिचालन और लॉजिस्टिक्स योजना शामिल हैं। डिपो और टर्मिनलों से वितरण चैनलों का इष्टतम परिचालन सुनिश्चित करना।<br>• सभी परिचालन कार्यस्थलों में सुरक्षा प्रोटोकॉल और एचएसई मानकों को लागू करना और निगरानी करना ताकि सुरक्षित और अनुपालन वाला कार्य वातावरण सुनिश्चित हो सके।<br>• मुंबई और विशाखापट्टनम स्थित रिफाइनरी परिचालन में प्रक्रियाओं, अनुरक्षण और परियोजना निष्पादन में तकनीकी विशेषज्ञता के माध्यम से समर्थन प्रदान करना।<br>• पाइपलाइन, टर्मिनल, डिपो और रिफाइनरी परिचालन में उपकरणों और सुविधाओं के लिए निवारक और सुधारात्मक अनुरक्षण करना, ताकि डाउनटाइम कम हो और विश्वसनीयता बढ़े।<br>• पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य/गतिविधियाँ। |
| 2.13, 2.14, 2.15 | अधिकारी – वित्त (सीए / सीएमए/ एमबीए) | **व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:**<br><br>• आईएनडीएएस के अनुसार संगठन के वित्तीय विवरणों की तैयारी कर लागू करना।<br>• संगठन के कैश फ्लो प्रबंधन का परिचालन करना।<br>• नियामक अनुपालन सुनिश्चित करना, जिसमें कर संबंधी अनुपालन भी शामिल है।<br>• जीएसटी अनुपालन सुनिश्चित करना।<br>• वित्तीय डेटा की व्याख्या करना।<br>• प्रबंधन को वित्तीय जानकारी की रिपोर्टिंग करना।<br>• प्रभावी कॉर्पोरेट अभिशासन सुनिश्चित करना।<br>• परियोजना मूल्यांकन और निगरानी करना।<br>• क्रेडिट प्रबंधन और प्राप्तियों का प्रबंधन करना।<br>• कोष एवं बजट प्रबंधन करना।<br>• व्यवसाय के वाणिज्यिक पहलुओं का प्रबंधन।<br>• भुगतान/पेरोल प्रक्रिया का परिचालन।<br>• पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य/गतिविधियाँ। |

| | | |
|---|---|---|
| 2.16 | अधिकारी – मानव संसाधन | **व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:**<br><br>• भर्ती और नियोजन: भर्ती की आवश्यकताओं की पहचान करना, जॉब पोस्टिंग तैयार करना, आवेदनों की समीक्षा करना और साक्षात्कार आयोजित करना।<br>• ऑनबोर्डिंग और प्रशिक्षण: ऑनबोर्डिंग प्रोग्राम लागू करना, प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना और नए कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित करना।<br>• पेरोल प्रबंधन: कर्मचारियों को सही और समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करना।<br>• कर्मचारी संबंध: कर्मचारियों के प्रश्नों का समाधान करना, विवादों की मध्यस्थता करना और सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।<br>• अनुपालन: नियोजन विधियों और नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना, सटीक व्यक्तिगत रिकॉर्ड बनाए रखना और कर्मचारियों तथा प्रबंधकों को सहायता प्रदान करना।<br>• प्रतिफल प्रबंधन: स्वास्थ्य बीमा और आवास भत्ते जैसे कर्मचारी लाभों का प्रबंधन करना।<br>• निष्पादन प्रबंधन: निष्पादन प्रबंधन और कर्मचारी मूल्यांकन में सहायता प्रदान करना।<br>• मानव संसाधन प्रशासन: कर्मचारी रिकॉर्ड का रखरखाव, डेटाबेस अपडेट करना और एचआर संबंधित रिपोर्ट तैयार करना।<br>• नीति विकास: एचआर नीतियों और प्रक्रियाओं का निर्माण और कार्यान्वयन करना।<br>• कर्मचारी समन्वय: कर्मचारी समन्वय पहलों और गतिविधियों को बढ़ावा देना।<br>• एचआरबीपी भूमिका।<br>• पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य/गतिविधियाँ। |
| 2.17 | अधिकारी - सूचना प्रणाली | **व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:**<br><br>• व्यावसायिक अनुप्रयोगों का विकास, अनुरक्षण, परीक्षण और समर्थन करना; समस्याओं का समाधान करना और निष्पादन अनुकूलन सुनिश्चित करना।<br>• आईटी अवसंरचना की डिज़ाइन, परिनियोजन, प्रशासन और निगरानी करना जिसमें सर्वर, स्टोरेज (एसएएन/एनएएस), वर्चुअलाइजेशन, क्लाउड एन्वायरनमेंट और नेटवर्क (डीसी एंड डीआर) शामिल हैं।<br>• ऑपरेटिंग सिस्टम, सिस्टम कॉन्फ़िगरेशन, पैचिंग और परफॉर्मेंस ट्यूनिंग का प्रबंधन करना। |



| | | |
|---|---|---|
| | | • डेटाबेस का प्रशासन करना जिसमें इंस्टॉलेशन, कॉन्फ़िगरेशन, बैकअप, रिकवरी, सुरक्षा प्रबंधन, परफॉर्मेंस ट्यूनिंग, रेप्लिकेशन, माइग्रेशन और हाई अवेलेबिलिटी शामिल है।<br>• आईटी सुरक्षा नीतियों, गवर्नेंस स्टैंडर्ड, अनुपालन आवश्यकताओं और जोखिम नियंत्रणों को लागू और सुनिश्चित करना।<br>• बैकअप, डिजास्टर रिकवरी कार्यनीतियाँ, फेलओवर मैकेनिज्म और व्यवसाय निरंतरता प्रक्रियाओं की योजना बनाना और प्रबंधित करना।<br>• सिस्टम हैल्थ, सक्षमता, उपलब्धता और प्रदर्शन की निगरानी करना; अलर्ट कॉन्फ़िगर करना और समय पर घटनाओं का समाधान सुनिश्चित करना।<br>• डेटा गवर्नेंस, सुरक्षा और अनुकूलित डेटा संचालन सुनिश्चित करते हुए समयसीमा के भीतर एनालिटिक्स समाधान प्रदान करना।<br>• अनुप्रयोगों का कार्यात्मक और गैर-कार्यात्मक परीक्षण करना; सुरक्षित और त्रुटि-रहित प्रोडक्शन रिलीज सुनिश्चित करने के लिए क्यूए प्रक्रियाएँ और ऑटोमेशन लागू करना।<br>• आवश्यकता अनुसार आईटी कॉन्ट्रैक्ट, विक्रेता और आउटसोर्स्ड संसाधनों का प्रबंधन करना।<br>• तकनीकी दस्तावेज़, रिपोर्ट और परिचालन मानकों का अनुरक्षण करना।<br>• नवीनतम प्रौद्योगिकियों के साथ अपडेट रहना और व्यवसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप सुधार लागू करना। |

## 8. अनुभवी पेशेवरों के लिए कार्य आवश्यकता अनुभव एवं नियोजन की रूपरेखा

| **नोट: निम्न पदों के लिए जहाँ अनुभव अनिवार्य है, कार्य अनुभव केवल योग्यताप्राप्त डिग्री/डिप्लोमा पूर्ण करने के पश्चात ही मान्य होगा।** | | |
|---|---|---|
| **पद क्रमांक** | **पद** | **भूमिकाएँ एवं उत्तरदायित्व** |
| 3.1 | कनिष्ठ कार्यकारी/ सहायक अधिकारी/ अधिकारी – राजभाषा (हिंदी) कार्यान्वयन | **अनुभव:** राजभाषा कार्यान्वयन भूमिकाओं में न्यूनतम 0/3/6 वर्षों का अनुभव।<br>**व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:** |

| | | |
|---|---|---|
| | | • राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करना।<br>• राजभाषा अधिनियम 1963, राजभाषा नियम 1976, वार्षिक कार्यक्रम और गृह मंत्रालय तथा राजभाषा विभाग से प्राप्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना।<br>• नराकास, मंत्रालय, संसदीय समिति के दौरे, अन्य पीएसयू आदि के साथ समन्वय करना।<br>• त्रैमासिक आधार पर केराकास बैठकों / राजभाषा कार्यशालाओं का आयोजन करना।<br>• मूल एवं अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा गृह मंत्रालय पोर्टल पर त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट की प्रस्तुति सुनिश्चित करना।<br>• कॉर्पोरेशन के विभिन्न विभागों/कार्यस्थलों से प्राप्त त्रैमासिक रिपोर्टों की समीक्षा करना और निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए विभाग प्रमुखों को अनुवर्ती पत्र जारी करना।<br>• राजभाषा कार्यान्वयन की वार्षिक और मध्यकालीन समीक्षा करना।<br>• अन्य विभागों की बैठकों/गतिविधियों में भाग लेना।<br>• निरीक्षण उद्देश्य के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेजों का उचित रिकॉर्ड बनाए रखना।<br>• अधीनस्थ कार्यालयों और विभागों का नियमित रूप से राजभाषा निरीक्षण करना। |
| 3.2, 3.9 | अधिकारी/ वरिष्ठ अधिकारी – सीबीजी परिचालन | **कार्य अनुभव:**<br><br>**अधिकारी के पदों हेतु:** बायोफ्यूल्स / बायोरिफाइनरीज में कार्यकारी/प्रबंधकीय भूमिका में न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव। |


| | | |
|---|---|---|
| | | वरिष्ठ अधिकारी के पदों हेतु: बायोफ्यूल्स / बायोरिफाइनरीज / औद्योगिक माइक्रोबायोलॉजी / बायोटेक्नोलॉजी में कार्यकारी/प्रबंधकीय भूमिका में न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव।<br><br>**व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:**<br><br>• उत्पादन लक्ष्य, गुणवत्ता मानक और सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करते हुए कंप्रेस्ड बायोगैस उत्पादन संयंत्र के दैनिक परिचालन की निगरानी और प्रबंधन करना।<br>• सुगम परिचालन और संसाधनों के कुशल उपयोग के लिए अनुरक्षण, इंजीनियरिंग, खरीद और लॉजिस्टिक्स जैसे विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करना।<br>• सीबीजी उत्पादन, भंडारण और वितरण के लिए मानक परिचालन प्रक्रियाओं को लागू और मॉनिटर करना और संयंत्र के निष्पादन को बेहतर बनाने के लिए इन्हें लगातार सुधारना।<br>• सीबीजी आपूर्ति श्रृंखला का प्रबंधन करना जिसमें कच्चे माल की खरीद, परिवहन और ग्राहकों तक सीबीजी की डिलीवरी शामिल है।<br>• सीबीजी उत्पादन और वितरण से संबंधित सभी नियमों, परमिट और लाइसेंस का पालन सुनिश्चित करना और आवश्यक रिकॉर्ड और दस्तावेज बनाए रखना।<br>• उत्पादन डेटा की निगरानी और विश्लेषण करना जिसमें कच्चे माल की खपत, ऊर्जा उत्पादन और संयंत्र की दक्षता शामिल है तथा निष्पादन मेट्रिक्स और रुझानों पर रिपोर्ट तैयार करना। |

| | | |
|---|---|---|
| | | • परिचालन संबंधी समस्याओं का समाधान करना और संयंत्र की विश्वसनीयता और दक्षता बढ़ाने के लिए सुधारात्मक और निवारक उपाय लागू करना।<br>• उपकरण और अनुरक्षण लॉग बनाए रखना और अद्यतन करना और उपकरणों की समय पर मरम्मत और अनुरक्षण के लिए अनुरक्षण टीम के साथ समन्वय करना।<br>• कच्चा माल, रसायन और अन्य आपूर्ति का स्टॉक प्रबंधित करना, और उत्पादन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्तर बनाए रखना।<br>• संयंत्र परिचालक और तकनीशियनों को प्रशिक्षित और सुपरवाइज करना और सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक परिचालन प्रक्रियाओं का पालन यह सुनिश्चित करना।<br>• प्रक्रिया सुधार, लागत बचत और राजस्व सृजन के अवसरों की पहचान करना और इन पहलों को लागू करने के लिए प्रबंधन के साथ सहयोग करना।<br>• सीबीजी के लिए नए ग्राहक संबंध विकसित करने और ग्राहक आधार बढ़ाने के लिए बिक्री और विपणन टीम के साथ सहयोग करना।<br>• पर्यवेक्षक द्वारा सौंपी गई अन्य किसी भी गतिविधियों को निर्वहन करना। |
| 3.3 | एचआर विधि अधिकारी | **अनुभव:**<br>• उम्मीदवार के पास एक अभ्यासरत अधिवक्ता के रूप में न्यूनतम एक वर्ष का प्रासंगिक अनुभव होना चाहिए या किसी प्रतिष्ठित लॉ फर्म या किसी कंपनी के विधि विभाग में एक वर्ष का कार्य अनुभव हो। |


| | | |
|---|---|---|
| | | • अभ्यासरत अधिवक्ताओं के लिए, यह अनुभव एलएलबी की योग्यता प्राप्त करने और बार काउंसिल में नामांकन के पश्चात गिना जाएगा।<br>• प्रासंगिक अनुभव प्रायः उन कार्यों से संबंधित होना चाहिए जो विधि मामलों पर परामर्श प्रदान करना, कानूनी कार्यनीति तैयार करना, मुकदमेबाजी और मध्यस्थता मामलों का प्रबंधन, औद्योगिक विवाद, सुलह, समझौते/अनुबंधों का ड्राफ्ट तैयार करना, न्यायालय/मध्यस्थ के सामने दायर करने के लिए याचिकाओं का ड्राफ्ट तैयार करना और वकील को संक्षिप्त ब्रीफिंग देना आदि शामिल हों। इसमें विभिन्न श्रम कानूनों, भारतीय संविदा अधिनियम, भवन और अन्य निर्माण श्रमिक अधिनियम, संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम, बौद्धिक संपदा कानून, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम आदि का पर्याप्त ज्ञान होना चाहिए।<br>• श्रम कानूनों, औद्योगिक विवादों और विभागीय जांचों के परिचालन में प्रासंगिक अनुभव वांछनीय है और यह वरीयता योग्य माना जाएगा।<br>• उम्मीदवारों के पास हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में उत्कृष्ट लिखित और मौखिक संचार कौशल होना चाहिए। अंग्रेज़ी और हिंदी के अतिरिक्त किसी एक या अधिक अनुसूचित भाषाओं (संविधान के अनुसार) में पढ़ने और लिखने में प्रवीणता को वरीयता दी जाएगी।<br><br>**नोट:**<br>• उम्मीदवारों को उस संगठन से अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जिसमें वे वर्तमान में कार्यरत हैं या पहले कार्यरत रहे हैं। अभ्यासरत अधिवक्ता के मामले में, प्रमाण पत्र राज्य बार काउंसिल, वरिष्ठ अधिवक्ता या लॉ फर्म से |

| | | |
|---|---|---|
| | | होना चाहिए और इसके साथ बार काउंसिल में नामांकन प्रमाणपत्र की प्रति भी संलग्न करनी होगी।<br>• केवल पूर्णकालिक कार्य अनुभव को बार काउंसिल में नामांकन की तारीख और/या नियोजन में शामिल होने की तारीख से ही माना जाएगा, जहां लागू हो। एलएलबी प्रोग्राम (या किसी अन्य पूर्णकालिक अध्ययन) के दौरान की इंटर्नशिप को अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा। |
| 3.4, 3.5, 3.6, 3.7, 3. | वरिष्ठ अधिकारी/ सहायक प्रबन्धक- सुरक्षा | **अनुभव:**<br>फैक्ट्री में पर्यवेक्षकीय भूमिका में कार्य करने का न्यूनतम 5/8 वर्षों का व्यावहारिक अनुभव।<br>**व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:**<br>• व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों जैसे फायर प्रॉक्सिमिटी सूट, कम तापमान सूट, दस्ताने आदि का पर्याप्त इन्वेंट्री रखना, अनुरक्षण और उपयोग सुनिश्चित करना।<br>• संयंत्र, सुरक्षा उपकरण, फायर-फाइटिंग सिस्टम और इंजन, ट्रिपिंग और इंटरलॉक्स का निरीक्षण करना।<br>• सुरक्षा राहत वाल्व, थर्मल रिलीफ वाल्व, एलपीजी होसेस, हाइड्रेंट होस, फायर एक्सटिंगुइशर, स्प्रिंकलर टेस्टिंग, प्रेशर और टेम्परेचर गेज़, इमरजेंसी शटडाउन और मैनुअल कॉल पॉइंट टेस्टिंग, करोज़ेल इंटरलॉक टेस्टिंग, फायर इंजन टेस्टिंग आदि के समय पर कैलिब्रेशन और टेस्टिंग सुनिश्चित करना और समन्वय करना।<br>• मासिक, ऑनसाइट/ऑफसाइट और आईडल शिफ्ट के दौरान फायर ड्रिल्स, बॉम्ब थ्रेट ड्रिल्स और ईआरडीएमपी परिदृश्यों के अनुसार अन्य ड्रिल्स आयोजित करना। |


| | | |
|---|---|---|
| | | • ओआईएसडी, एमडीएसए, एसएसए, ईएसए, इलेक्ट्रिकल ऑडिट, ईआरडीएमपी प्रमाणन और इंफ्रास्ट्रक्चर ऑडिट के लिए बाहरी ऑडिटरों के साथ समन्वय करना।<br>• विभिन्न वैधानिक मानदंडों के अनुसार न्यूनतम मजदूरी, ग्रेच्युटी अधिनियम, पीसीबी सहमति शर्तें आदि सूचनाओं का प्रदर्शन सुनिश्चित करना।<br>• पेसो, फैक्ट्रियां, श्रम, पीसीबी, वीएचएफ़ आदि के तहत लाइसेंस का समय पर आवेदन और नवीनीकरण सुनिश्चित करना, ताकि संयंत्र में बदलाव और लाइसेंस अनुमोदन शर्तों के अनुपालन के अनुसार लाइसेंस अद्यतन रहें।<br>• सुरक्षा एमआईएस, घटना और नज़दीकी दुर्घटना रिपोर्ट, एचएसई इंडेक्स, ऑडिट अनुपालन, अपवाद रिपोर्टों का विश्लेषण और अंचल/प्रधान कार्यालय को रिपोर्ट करना।<br>• फायर इंजन, पेजिंग सिस्टम, जीएमएस, डीएफ़एमडी, फायर एक्सटिंगुइशर सर्विसिंग, फायर-फाइटिंग पैनल और वार्षिक फायर-फाइटिंग मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट का समय पर निष्पादन और नवीनीकरण।<br>• एक्सेस कंट्रोल सिस्टम, सुरक्षा उपकरणों का अनुरक्षण और सुधार, हाउसकीपिंग, एमएंडआर, सुरक्षा और जोखिमपूर्ण व्यवहार में कमी के लिए बीबीएस इंडेक्स के माध्यम से मूल्यांकन सुनिश्चित करना।<br>• ओआईएसडी, एमडीएसए, एसएसए, इलेक्ट्रिकल सुरक्षा ऑडिट के लिए एचएसई पोर्टल पर रिपोर्ट अद्यतन करना।<br>• कर्मचारियों और अनुबंधित कर्मचारियों के लिए नियमित स्वास्थ्य जागरूकता और चेक-अप कैंप आयोजित करना और उनके रिकॉर्ड बनाए रखना।<br>• कर्मचारियों और विस्तारित कार्यबल के लिए सुरक्षा और सम्मान पुरस्कारों का कार्यान्वयन। |



| | | |
|---|---|---|
| | | • पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य किसी भी कार्य का निर्वहन करना। |
| 3.10 | वरिष्ठ अधिकारी – सिटी गैस वितरण परिचालन एवं अनुरक्षण | **अनुभव:**<br>सिटी गैस वितरण उद्योग में प्रबंधकीय भूमिका में न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव।<br><br>**व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:**<br><br>• स्थानीय क्षेत्र में ग्राहक रूपांतरण और मांग मूल्यांकन के लिए प्राकृतिक गैस की मूलभूत विशेषताओं और कैलोरीफिक गणनाओं की समझ<br>• पीएनजीआरबी सीजीडी विनियम, टी4एस, आईएसएस और ईआरडीएमपी, सेवा की गुणवत्ता, पेसो मानदंड आदि जैसे वैधानिक और नियामक आवश्यकताओं की समझ और पालन<br>• पीएनजी घरेलू, औद्योगिक और वाणिज्यिक खातों में ग्राहक बिलिंग और शिकायतों को संभालने की सक्षमता<br>• गैस प्राप्तियों, बिक्री और मिलान का लेखा-जोखा, ताकि अप्रमाणित गैस हानि को सीमित किया जा सके<br>• एपीएम गैस/सक्षमता ट्रांच की इंडेंटिंग, गैस प्राप्तियों की निगरानी और नियंत्रण ताकि खरीद और परिवहन में दंडात्मक शुल्क से बचा जा सके<br>• औद्योगिक और वाणिज्यिक गैस बिक्री में दंड गणना की प्रक्रिया सहित फ्रेमवर्क गैस बिक्री/खरीद समझौतों के आवश्यक पहलुओं की समझ<br>• परिचालन मॉनिटरिंग और डेटा अद्यतन के लिए एससीएडीए पर कार्य करना |



| | | |
|---|---|---|
| | | • सीजीडी लाइनों के पेट्रोलिंग, ईआरवी परिचालन, सीपी और मार्कर्स की निगरानी<br>• सीजीडी संपत्तियों, पेट्रोलिंग/अनुरक्षण/एलसीवी परिचालन की जीआईएस आधारित निगरानी<br>• पीएनजी, सीएनजी और बिक्री और अन्य लेन-देन के लिए दैनिक डैशबोर्ड रिपोर्ट तैयार करना<br>• सभी सीएनजी डॉटर बूस्टर स्टेशनों पर मासिक डिस्पेंसर रीडिंग और इलेक्ट्रिकल सब-मीटर की जाँच करना।<br>• कंप्रेसरों की ऊर्जा खपत मापदंडों की निगरानी और सुधार<br>• सीएनजी उपकरण, डीआरएस/डीसीयू, वाल्व चेंबर, अन्य यांत्रिक, इलेक्ट्रिकल और इंस्ट्रूमेंटेड सुरक्षा<br>• प्रणालियों के लिए पूर्वानुमानित/निवारक/ओईएम अनुशंसित अनुरक्षण की योजना, नियंत्रण और निगरानी<br>• अनिवार्य/महत्वपूर्ण स्पेयर्स और उपभोज्य वस्तुओं का इन्वेंट्री बनाए रखना<br>• नियोजित अनुरक्षण और कैलिब्रेशन के लिए मासिक योजना तैयार करना और उसे लागू करना<br>• लीक सर्वेक्षण, लीक परफॉरमेंस टेस्ट आदि की योजना और निष्पादन<br>• एएमसी प्रदाताओं के सेवा स्तर की निगरानी, पीजी टेस्ट और समय पर सेवा आदेश देकर उपकरण प्रदर्शन सुनिश्चित करना<br>• पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य किसी भी कार्य को करना |
| 3.11 | वरिष्ठ अधिकारी– सिटी गैस वितरण परियोजनाएं | **अनुभव:**<br>सिटी गैस वितरण उद्योग में प्रबंधकीय पद पर न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव। |



| | | |
|---|---|---|
| | | **व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:**<br><br>• स्टील, एमडीपीई नेटवर्क, डीसीयू/डीआरएस/मिस्सस और अंतिम मील कनेक्टिविटी सहित जीआई/सीयू पाइपिंग का अनुमान/योजना बनाना।<br>• जीएडी, रूट मैप, एलाइनमेंट शीट्स का विकास और निर्माण चित्र जारी करना।<br>• निर्माण प्रक्रिया, क्यूएपीक्यूक्यू/आईटीपी, निर्माण गुणवत्ता नियंत्रण, सुरक्षा और प्री-कमीशनिंग/कमीशनिंग और एएस-बिल्ट दस्तावेज़ शामिल रिकॉर्ड का अनुरक्षण तैयार करना।<br>• परियोजना अनुसूची बनाना, संवेदनशील पथ की निगरानी, आवधिक एमआईएस और अलर्ट जारी करना।<br>• खरीद और वारंटी लागू करना, पीजी टेस्ट आदि, मापन और बिलिंग प्रमाणपत्र सुनिश्चित करना।<br>• सिटी गैस वितरण के लिए स्टील और पीई पाइपलाइन नेटवर्क के निर्माण का पर्यवेक्षण और निरीक्षण करना, जिसमें ट्रेंचिंग और लोअरिंग, वेल्डिंग/इलेक्ट्रोफ्यूजन जॉइंटिंग, वार्निंग मैट साथ बैकफिलिंग और एसओआर/निर्देशानुसार ईंट, परीक्षण, फ्लशिंग, और क्रॉसिंग्स केस्ड/अनकेस्ड जैसे रेल, सड़क, नदी, नहर, एचडीडी /ओपन-कट/बोरिंग आदि शामिल हैं।<br>• पीएनजी और एलएमसी नेटवर्क योजना की समीक्षा करना, ओपन कट/एचडीडी /मोलिंग और वाल्व पिट, मीटर और रेगुलेटर का आकार निर्धारण, पीई और ठेकेदार के साथ एलएमसी फ्री इशू सामग्री सहित सामग्री का मिलान करना।<br>• स्टील, पीई, ग्राहक स्थल और सीएनजी सुविधाओं में सीजीडी नेटवर्क का परीक्षण और कमीशनिंग करना और वैधानिक मंजूरी प्राप्त करना। |

| | | |
|---|---|---|
| | | • एमआरएस/ मीटर रेगुलेटर का इरेक्शन और कमीशनिंग करना।<br>• एमडीपीई पाइपलाइन बिछाना और अंतिम मील कनेक्टिविटी (एलएमसी) कार्यों की स्थापना, इरेक्शन, परीक्षण और विक्रेताओं द्वारा की जाने वाली कमीशनिंग से संबंधित गतिविधियाँ पूर्ण करना।<br>• एमडीपीई नेटवर्क बिछाने की अनुमति हेतु समन्वय, नेटवर्क मैप/साइट आईएफसी ड्राइंग तैयार करना और टेस्ट रिपोर्ट का दस्तावेजीकरण करना।<br>• पीएनजीआरबी टी4एस, आईएमएस और ईआरडीएमपी, पेसो मानदंड जैसे वैधानिक और नियामक आवश्यकताओं की समझ और अनुपालन सुनिश्चित करना। |
| 3.12 | वरिष्ठ अधिकारी– बिक्री (रिटेल) | **अनुभव:**<br>**गैस / पेट्रोलियम / ल्यूब्स / एफएमसीजी / दीर्घ उपभोग वस्तुएँ / ऑटोमोबाइल / औद्योगिक / इंजीनियरिंग उत्पाद / पेट्रोकेमिकल उद्योग में बिक्री / विपणन क्षेत्र में कार्यकारी / प्रबंधकीय भूमिका में एमबीए के पश्चात न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव।**<br>**व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:**<br>• एचपीसीएल फ्यूल स्टेशन नेटवर्क के माध्यम से एमडी, एचएसडी, एनसीजी, ल्यूब्रिकेंट्स तथा अन्य संबद्ध उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए उत्तरदायी।<br>• बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने हेतु कार्यनीति तैयार करने और उसे क्रियान्वित करने के लिए एचपीसीएल रिटेल आउटलेट के निष्पादन का उद्योग निष्पादन के साथ मूल्यांकन करना।<br>• शहरी, राजमार्ग तथा ग्रामीण बाजारों में उच्च संभावनाओं वाले क्षेत्रों की पहचान कर नेटवर्क विस्तार करना।<br>• ग्राहक संपर्क एवं ग्राहक संतुष्टि |


| | | |
|---|---|---|
| | | ◦ बिक्री संवर्धन और ब्रांड निर्माण हेतु अभियानों की रूपरेखा तैयार करना और उन्हें लागू करना।<br>◦ चैनल प्रबंधन – बिक्री लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एचपीसीएल फ्यूल/मोबिलिटी स्टेशनों का परिचालन करने वाले रिटेल चैनल पार्टनर्स के साथ समन्वय करना।<br>◦ बिक्री बढ़ाने, कुशल परिचालन तथा ब्रांड दृश्यता के लिए रिटेल आउटलेट्स पर अवसंरचना में आवश्यक जोड़/परिवर्तन की आवश्यकता का मूल्यांकन करना।<br>◦ संगठन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप रिटेल आउटलेट्स के समग्र लुक एवं फील को बेहतर बनाना।<br>◦ कार्यनीतिक साझेदारियों, ब्रांडेड फ्यूल, संबद्ध उत्पादों आदि की बिक्री के माध्यम से गैर-ईंधन राजस्व सृजन के लक्ष्यों को प्राप्त करना।<br>◦ कंपनी स्वामित्व एवं कंपनी परिचालित रिटेल आउटलेट्स के लिए जनशक्ति प्रबंधन तथा परिचालन व्यय के माध्यम से साइट की लाभप्रदता को नियंत्रित करना।<br>◦ संगठन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप परिचालन उत्कृष्टता और सुरक्षा मानकों हेतु डीलर्स एवं ग्राहक सेवा एसोसिएट्स को प्रशिक्षण प्रदान करना।<br>◦ ग्राहक सेवा मानकों को बेहतर बनाने हेतु गुणात्मक एवं मात्रात्मक सर्वेक्षण करना।<br>◦ विधि विभाग एवं क्षेत्रीय कार्यालय के परामर्श से रिटेल आउटलेट्स से संबंधित विधिक मामलों का प्रबंधन करना।<br>• रिटेल आउटलेट नेटवर्क में विभिन्न अनुपालनों को सुनिश्चित करने हेतु आंतरिक एवं बाह्य हितधारकों, सरकारी एवं वैधानिक प्राधिकरणों के साथ समन्वय करना।<br>• पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य किसी भी कार्य का निष्पादन करना। |

<table>
<tr>
<td>3.12</td>
<td>वरिष्ठ अधिकारी - (ल्यूब्स)</td>
<td>
अनुभव:<br>
गैस / पेट्रोलियम / ल्यूब्स / एफएमसीजी / दीर्घ उपभोग वस्तुएँ / ऑटोमोबाइल / औद्योगिक / इंजीनियरिंग उत्पाद / पेट्रोकेमिकल उद्योग में बिक्री / विपणन क्षेत्र में कार्यकारी / प्रबंधकीय भूमिका में एमबीए के पश्चात न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव।<br><br>
व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:<br><br>
उपभोक्ता ल्यूब्रिकेंट्स बिक्री अधिकारी (आरओ)
<ul>
<li>बिक्री लक्ष्यों को प्राप्त करना तथा बिक्री कार्यनीतियाँ विकसित करना।</li>
<li>बिक्री योजना बनाना और पूर्वानुमान तैयार करना।</li>
<li>संभावित ग्राहकों का अध्ययन करना तथा लीड्स उत्पन्न करना।</li>
<li>संभावित एवं वर्तमान ग्राहकों से संपर्क बनाए रखना।</li>
<li>ग्राहक प्रश्नों, पूछताछ और शिकायतों का समाधान करना।</li>
<li>प्रस्ताव तैयार करना और प्रस्तुत करना।</li>
<li>एसएपी प्रणालियों के माध्यम से बिक्री प्रक्रिया (ऑर्डर से भुगतान प्रक्रिया) का प्रबंधन करना।</li>
<li>मासिक एवं वार्षिक बिक्री लक्ष्यों को प्राप्त करना।</li>
<li>निविदाओं (ऑफलाइन एवं ऑनलाइन) में भाग लेना।</li>
<li>व्यवसाय विकास – नए व्यवसाय की प्राप्ति / ग्राहक अधिग्रहण / ओईएम व्यवसाय हेतु संपर्क एवं साझेदारी स्थापित करना।</li>
<li>ग्राहक आवश्यकताओं के अनुसार नए उत्पादों की पहचान और विकास करना।</li>
<li>निर्धारित क्षेत्र / क्षेत्रीय स्तर पर औद्योगिक ल्यूब्रिकेंट वितरक चैनल का प्रबंधन करना।</li>
</ul>
</td>
</tr>
</table>


| | | |
|---|---|---|
| | | • विभिन्न ग्राहक वर्गों के लिए ग्राहक मीट / सेमिनार / जागरूकता अभियान आयोजित करना और संचालित करना।<br>• ग्राहकों की ऋण-योग्यता का मूल्यांकन करना तथा चैनल की वित्तीय स्थिति की निगरानी करना।<br>• बाजार प्रवृत्तियों और विकास पर नज़र रखना।<br>• उद्योग समकक्षों / औद्योगिक संगठनों के साथ संवाद बनाए रखना।<br>• पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य किसी भी कार्य का पूर्ण निर्वहन करना।<br><br>**बाज़ार ल्यूब्स बिक्री अधिकारी (आरओ)**<br><br>• बिक्री लक्ष्यों को प्राप्त करना।<br>• लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु बिक्री कार्यनीतियाँ विकसित करना।<br>• बिक्री योजना बनाना तथा पूर्वानुमान तैयार करना।<br>• व्यवसाय विश्लेषण।<br>• डिजिटल विपणन गतिविधियाँ।<br>• व्यवसाय करने के नए तरीकों की पहचान करना।<br>• नेटवर्क योजना एवं विकास।<br>• नए उत्पादों और सेवाओं की पहचान करना।<br>• हितधारकों तथा ग्राहकों के प्रश्नों, पूछताछ और शिकायतों का समाधान करना।<br>• एसएएपी प्रणालियों के माध्यम से बिक्री प्रक्रिया (ऑर्डर से भुगतान प्रक्रिया) का प्रबंधन करना।<br>• मासिक एवं वार्षिक बिक्री लक्ष्यों को प्राप्त करना।<br>• व्यवसाय विकास – फ्लीट ऑपरेटर, वर्कशॉप, सर्विस स्टेशन, अधिकृत डीलर आदि के साथ साझेदारी करना।<br>• निर्धारित क्षेत्र / क्षेत्रीय स्तर पर बाज़ार ल्यूब वितरक चैनल का प्रबंधन करना। |

| | | |
|---|---|---|
| | | • रिटेलर, मैकेनिक आदि जैसे एंड-यूज़र / लीड-यूज़र के लिए ग्राहक मीट / सेमिनार / लॉन्च / जागरूकता अभियान आयोजित करना और संचालित करना।<br>• बिक्री प्रोत्साहन योजनाओं का डिज़ाइन, योजना एवं कार्यान्वयन तथा उनकी प्रभावशीलता की निगरानी करना।<br>• ऑटोमोटिव ल्यूब्रिकेंट बाज़ारों का नियमित दौरा कर नए अवसरों की पहचान करना।<br>• चैनल पार्टनर्स की वित्तीय स्थिति की निगरानी करना।<br>• हितधारकों और बिक्री प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, वितरकों के बिक्री प्रतिनिधियों के लिए सक्षमता विकास कार्यक्रम (नए उत्पाद / एसकीयू जागरूकता सहित) संचालित करना तथा उनके निष्पादन की योजनाओं के अनुरूप निगरानी करना।<br>• रिटेल आउटलेट / एलपीजी चैनल आदि में एचपी ल्यूब्रिकेंट्स के प्रचार हेतु एचपीसीएल के अन्य एसबीयू के साथ समन्वय करना।<br>• पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य किसी भी कार्य का पूर्ण निर्वहन करना। |
| 3.12 | वरिष्ठ अधिकारी – बिक्री (प्रत्यक्ष बिक्री) | **अनुभव:**<br>गैस / पेट्रोलियम / ल्यूब्स / एफएमसीजी / दीर्घ उपभोग वस्तुएँ / ऑटोमोबाइल / औद्योगिक / इंजीनियरिंग उत्पाद / पेट्रोकेमिकल उद्योग में बिक्री / विपणन क्षेत्र में कार्यकारी / प्रबंधकीय भूमिका में एमबीए के पश्चात न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव।<br><br>**व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:** |

| | | |
|---|---|---|
| | | • औद्योगिक एवं सरकारी ग्राहकों को बेचे जाने वाले उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए उत्तरदायी।<br>• अधिकारी द्वारा देखे जा रहे इंडस्ट्रियल एवं कमर्शियल उत्पादों में एचपीसीएल की बाजार हिस्सेदारी बढ़ाना।<br>• बिक्री अधिकारी को एचपीसीएल के लेन-देन को अधिक लाभदायक बनाना तथा बिक्री से उत्पन्न लाभ में वृद्धि के लिए उत्तरदायी होना।<br>• बिक्री एवं लाभ को अधिकतम करने के उद्देश्य से गुणवत्तापूर्ण ग्राहक संपर्क तथा उचित योजना के माध्यम से ग्राहकों के प्रमुख कार्मिकों के साथ मजबूत अंतर-व्यक्तिगत समन्वय विकसित करना।<br>• निर्धारित टूरिंग सर्किट के अनुसार बिक्री क्षेत्र का प्रभावी दौरा करना।<br>• नए ग्राहकों से व्यवसाय प्राप्त करना।<br>• मौजूदा ग्राहकों को बनाए रखना तथा उनके साथ संबंध मजबूत करना।<br>• नए भौगोलिक क्षेत्रों एवं बाजारों में विस्तार का प्रयास करना जहाँ एचपीसीएल की उपस्थिति सीमित या नहीं है।<br>• सभी आपूर्ति कार्यस्थलों के साथ निकट समन्वय सुनिश्चित करना ताकि एचपीसीएल अपने ग्राहकों के लिए पेट्रोलियम उत्पादों का विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता बना रहे।<br>• आवश्यकता अनुसार नए एवं मौजूदा ग्राहकों के परिसरों में अवसंरचना सुविधाओं को सुदृढ़ करना।<br>• स्थायी परिसंपत्तियों का सत्यापन करना।<br>• मौजूदा एवं नए ग्राहकों को दिए जाने वाले छूट तथा अन्य वरीय वाणिज्यिक शर्तों हेतु एमईए का प्रसंस्करण करना।<br>• क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा दिए गए एओपी को प्राप्त करने का प्रयास करना।<br>• लक्षित बाजार हिस्सेदारी एवं लाभप्रदता सुनिश्चित करना। |




| | | |
|---|---|---|
| | | • नव नियुक्त अधिकारियों को प्रशिक्षण / मार्गदर्शन प्रदान करना।<br>• मूल्य निर्धारण, उत्पाद ज्ञान, लॉजिस्टिक्स तथा बाजार जानकारी पर सक्षमता निर्माण करना।<br>• प्रत्येक बिक्री लेन-देन में सही मूल्य एवं अन्य वाणिज्यिक शर्तें लागू करने के लिए बिक्री अधिकारी उत्तरदायी होगा।<br>• ग्राहकों से एचपीसीएल की देय राशियों की समय पर वसूली हेतु समन्वय करना।<br>• प्रबंधन समितियों एवं टास्कफोर्स में भाग लेना।<br>• लक्षित बिक्री मात्रा एवं लाभ प्राप्त करने के लिए उत्पाद एवं ग्राहक-वार एबीसी विश्लेषण सहित बिक्री क्षेत्र की बाजार प्रोफ़ाइल विकसित करना एवं उस पर कार्य करना।<br>• प्रतिस्पर्धियों की अवसंरचनात्मक ताकत एवं कमजोरियों के संबंध में एचपीसीएल की तुलना में बाजार जानकारी रखना, ताकि संगठन की ताकत का लाभ उठाया जा सके और कमजोरियों को कम करने हेतु उचित कदम उठाए जा सकें।<br>• ए श्रेणी के ग्राहकों के लिए सभी प्रमुख उत्पादों की एचपीसीएल तथा प्रतिस्पर्धियों की लैंडिंग कॉस्ट विकसित करना एवं उस पर कार्य करना।<br>• ऊर्जा संक्रमण एवं पर्यावरण-अनुकूल ईंधनों की शुरुआत को ध्यान में रखते हुए परीक्षणों के माध्यम से नए उत्पादों की शुरुआत की संभावनाओं का अन्वेषण करना।<br>• पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य किसी भी कार्य का पूर्ण निर्वहन करना। |
| 3.12 | वरिष्ठ अधिकारी – बिक्री (एलपीजी) | **अनुभव:**<br>गैस / पेट्रोलियम / ल्यूब्स / एफएमसीजी / दीर्घ उपभोग वस्तुएँ / ऑटोमोबाइल / औद्योगिक / इंजीनियरिंग उत्पाद / पेट्रोकेमिकल उद्योग |



| | | |
|---|---|---|
| | | में बिक्री / विपणन क्षेत्र में कार्यकारी / प्रबंधकीय भूमिका में एमबीए के पश्चात न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव।<br><br>**व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:**<br><br>• वितरक एवं बिक्री प्रदर्शन गतिविधियों की निगरानी एवं समीक्षा (जैसे नियमित घरेलू बिक्री, गैर-घरेलू बिक्री, बल्क बिक्री, नए ग्राहक, डबल बॉटल ग्राहक, संबद्ध रिटेल व्यवसाय बिक्री आदि)।<br>• गैर-घरेलू ग्राहकों के पास बार-बार जाकर उत्पाद प्रस्तुति के माध्यम से नए व्यवसाय की प्राप्ति करना तथा उत्पाद आपूर्ति सुनिश्चित करना।<br>• एलपीजी वितरकों का निरीक्षण करना।<br>• इंडेंट, खाली सिलिंडर, बैकलॉग, बिक्री रिपोर्ट, स्टॉक रिपोर्ट, ईज़ी गैस उपयोग तथा कैशलेस लेन-देन की निगरानी करना।<br>• नई वितरकशिप कमीशनिंग के संबंध में समन्वय, निगरानी एवं मार्गदर्शन करना।<br>• वितरकों एवं एफएसएम के लिए प्रशिक्षण तथा प्रोत्साहन कार्यक्रम / बैठकें आयोजित करना।<br>• पीएमयूवाई, एलपीजी पंचायत गतिविधियों एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों जैसे सरकारी पहलों का समन्वय एवं संचालन करना।<br>• सभी सरकारी एजेंसियों, ओएमसी अधिकारियों आदि के साथ समन्वय करना।<br>• ग्राहक शिकायतों, वितरक मुद्दों / प्रश्नों, दुर्घटना मामलों, न्यायालय मामलों, आरटीआई तथा सोशल मीडिया से संबंधित विषयों के लिए समन्वय करना। |

| | | |
|---|---|---|
| | | • प्रधान कार्यालय / अंचल आदि द्वारा आवश्यक मासिक एमआईएस रिपोर्ट / सीएम पीपीटी / बिक्री समीक्षा / डेटा तैयार करना।<br>• प्रबंधन समितियों एवं टास्कफोर्स में भाग लेना।<br>• पर्यवेक्षक द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अतिरिक्त दायित्वों का पूर्ण निर्वहन करना। |
| 3.13 | वरिष्ठ अधिकारी – बेंजीन / टोल्यूइन हैंडलिंग | **अनुभव:**<br>पेट्रोकेमिकल हैंडलिंग क्षेत्र में परिचालन, अनुरक्षण, सुरक्षा तथा लॉजिस्टिक्स में योग्यता-प्राप्ति के पश्चात न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव (जिसमें कम से कम 2 वर्ष प्रबंधकीय / पर्यवेक्षी भूमिका में हो)।<br><br>सड़क / पाइपलाइन माध्यमों के द्वारा पेट्रोकेमिकल उत्पादों (जैसे बेंजीन, टोल्यूइन) की प्राप्ति, भंडारण, हैंडलिंग तथा प्रेषण में व्यावहारिक अनुभव।<br><br>**व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:**<br>• बेंजीन एवं टोल्यूइन जैसे पेट्रोकेमिकल उत्पादों की प्राप्ति, भंडारण, हैंडलिंग तथा प्रेषण की निगरानी करना।<br>• सड़क एवं पाइपलाइन माध्यमों के माध्यम से उत्पादों की आवाजाही का प्रबंधन करना तथा सुरक्षा एवं परिचालन मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करना।<br>• स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण नियमों तथा वैधानिक आवश्यकताओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना।<br>• पेट्रोकेमिकल भंडारण एवं स्थानांतरण प्रणालियों से संबंधित दैनिक परिचालन एवं अनुरक्षण गतिविधियों का पर्यवेक्षण करना। |

| | | |
|---|---|---|
| | | • सुचारु परिचालन के लिए लॉजिस्टिक्स साझेदारों, ठेकेदारों तथा आंतरिक टीमों के साथ समन्वय करना।<br>• सुरक्षा निरीक्षण, जोखिम आकलन तथा घटना जांच करना।<br>• परिचालन अभिलेख, दस्तावेज़ीकरण तथा अनुपालन रिपोर्ट बनाए रखना।<br>• परिचालन टीमों का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन करना तथा प्रशिक्षण एवं सुरक्षा जागरूकता सुनिश्चित करना। बेस ऑयल एवं कच्चे माल दोनों के लिए बैच चार्ज करते समय वास्तविक रूप से उपभोग की गई मात्रा सुनिश्चित करना।<br>• एसओपी के अनुसार कार्यस्थल पर सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करना। |
| 3.14 | सहायक प्रबन्धक / प्रबन्धक – परियोजनाएं | **अनुभव:**<br>पेट्रोलियम / रिफाइनिंग / पेट्रोकेमिकल / केमिकल / उर्वरक / इस्पात / पावर / अवसंरचना क्षेत्रों के परियोजना कायस्थलों पर पर्यवेक्षी भूमिका / कार्यकारी श्रेणी में योग्यता-प्राप्ति के पश्चात संबंधित कार्य का न्यूनतम 6 / 9 वर्ष का अनुभव या उपरोक्त क्षेत्रों से संबंधित परियोजना सेवा प्रदाताओं जैसे परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता / एलएसटीके ठेकेदारों में कार्य अनुभव।<br><br>**व्यापक कार्य-भूमिका अपेक्षाएँ निम्नानुसार होंगी जो केवल संकेतात्मक प्रकृति की हैं:**<br>• परियोजना के दायरे को समझना तथा स्वीकृत समय-निर्धारण के अनुसार परियोजना प्रारंभ करने की योजना बनाना।<br>• परियोजना योजना / क्रियान्वयन में लागत, समय एवं प्रक्रियाओं का अनुकूलन करना तथा परियोजना को निर्धारित दायरे, बजट एवं समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करना। |




| | | |
|---|---|---|
| | | • वैधानिक एवं स्थानीय स्वीकृतियाँ, पंजीकरण, लाइसेंस तथा स्थानीय खरीद आवश्यकताओं हेतु समन्वय करना।<br>• परियोजना अनुसूची के अनुरूप साइट-विशिष्ट कार्यों के लिए प्री-पीओ प्रबंधन — डिजाइन की समीक्षा, एलपीआर, टेंडर दस्तावेज, बीओक्यू, बीओसी, जीटीसी, एसएससी आदि की तैयारी तथा प्रधान कार्यालय के अधिकारी के साथ समन्वय में तकनीकी मूल्यांकन पूर्ण करना।<br>• परियोजना प्रगति की निगरानी करना तथा आवश्यक नियंत्रणात्मक कार्रवाई करना; साप्ताहिक / मासिक समीक्षा बैठकों के माध्यम से परियोजना नियंत्रण प्रदर्शित करना और उचित निर्णय-निर्माण से समस्याओं का समाधान करना।<br>• विभिन्न विक्रेताओं एवं प्रधान कार्यालय समन्वयक के साथ समन्वय में परियोजना क्रियान्वयन गतिविधियों का संचालन करना। ब्राउनफील्ड साइट के मामलों में प्लांट परिचालन टीम के साथ अतिरिक्त समन्वय आवश्यक होगा।<br>• साइट पर सामग्री की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु विक्रेताओं के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना।<br>• गुणवत्ता प्रणाली एवं प्रक्रियाओं के क्रियान्वयन के माध्यम से साइट पर गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा पीओ प्रावधान / तकनीकी विनिर्देश / सुदृढ़ इंजीनियरिंग प्रथाओं के अनुसार सामग्री, उपभोग्य वस्तुओं एवं कार्यकुशलता की गुणवत्ता सुनिश्चित करना तथा सीटीई रजिस्टरों का संधारण करना।<br>• साइट पर सुरक्षा प्रणाली एवं एसओपी के क्रियान्वयन द्वारा सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देते हुए सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना; श्रमिकों हेतु प्रशिक्षण / दैनिक सुरक्षा / टूल- |

| | | |
|---|---|---|
| | | बॉक्स मीटिंग / जॉब-सेफ्टी विश्लेषण आयोजित करना तथा अभिलेख संधारण करना; "शून्य" दुर्घटना एवं घटनाएँ सुनिश्चित करना तथा सुरक्षा ऑडिट टिप्पणियों का अनुपालन करना।<br>• संविदा श्रम से संबंधित दस्तावेज आवश्यकताओं जैसे वेतन रजिस्टर/ श्रम लाइसेंस/ न्यूनतम वेतन आदि का अनुपालन सुनिश्चित करना; निर्माण कार्य प्रारंभ से पूर्व हॉट वर्क / कोल्ड वर्क / इलेक्ट्रिकल / हाइट वर्क परमिट की उपलब्धता सुनिश्चित करना।<br>• परियोजना सीमा प्रबंधन – वैधानिक प्राधिकरण / ऑडिट / सीटीई / विजिलेंस आदि हितधारकों की आवश्यकताओं का समय पर निपटान करना।<br>• कार्यस्थल / अंचल / प्रधान कार्यालय के साथ समन्वय द्वारा परियोजना आंतरिक हितधारक प्रबंधन सुनिश्चित करना ताकि विभिन्न वैधानिक स्वीकृतियाँ एवं अन्य क्लीयरेंस उपलब्ध हो सकें। ग्रीनफील्ड परियोजनाओं में परियोजना स्वीकृति के बाद निर्माण-पूर्व एवं निर्माण-पश्चात स्वीकृतियों का प्रबंधन करना।<br>• समय विस्तार प्रस्ताव प्रारंभ करना तथा प्रधान कार्यालय के साथ समन्वय कर पीओ / परिवर्तन पीओ आदि समय पर प्राप्त करना; एमआरआर एवं परिवर्तन पीआर का समय पर प्रसंस्करण सुनिश्चित करना।<br>• कमजोर निष्पादन करने वाले विक्रेता के लिए शो-कॉज / अनुबंध समाप्ति पत्र हेतु इनपुट प्रदान करना तथा किसी कार्य अनुबंध समाप्ति की स्थिति में संयुक्त मापन अभिलेख तैयार करना। |

| | | |
|---|---|---|
**नोट:** उल्लिखित सीटीसी की गणना वेतन श्रेणी के न्यूनतम मूल स्तर पर की गयी है तथा इसमें मूल वेतन, सेवानिवृत्ति लाभ, महंगाई भत्ता, एचआरए एवं कैफेटेरिया भत्ता शामिल हैं। इसमें निष्पादन आधारित वेतन (अधिकतम पर गणना किया गया) भी शामिल है, जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है तथा निगम की नीति के अनुसार देय होगा। कृपया ध्यान दें कि सेवानिवृत्ति लाभ उस समय प्रचलित निगम नीति के अनुसार पृथक्करण/सेवानिवृत्ति के समय देय होंगे। सीटीसी महानगरों में नियुक्त अभ्यर्थियों के लिए है और अन्य स्थानों के लिए इसमें भिन्नता हो सकती है।

## 11. सेवा बंधपत्र एवं रिटेंशन राशि

**सेवा बंधपत्र:** चयनित अभ्यर्थियों को निगम में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से न्यूनतम तीन वर्ष की अवधि तक सेवा प्रदान करने हेतु, निम्नानुसार जमानतदार सहित सेवा बंधपत्र निष्पादित करना होगा:

| वेतन श्रेणी (रू) | बंधपत्र राशि | |
|---|---|---|
| | सामान्य | ईडब्ल्यूएस/ ओबीसी(एनसी)/ एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यूडी |



| | | |
|---|---|---|
| 30000-120000 | | |
| 40000-140000 | | |
| 50000-160000 | | |
| 60000-180000 | रू 3,00,000/- | रू 50,000/- |
| 70000-200000 | | |
| 80000-220000 | | |
| 90000-240000 | | |

**रिटेंशन राशि:**

वेतनमान रु. 30,000–1,20,000 या रु. 40,000–1,40,000 में भर्ती अधिकारियों के लिए, परीक्षण अवधि के पहले 12 महीनों के दौरान कुल भत्तों से रु. 5,000/- प्रति माह को प्रतिधारण राशि के रूप में काटा जाएगा।

वेतनमान रु. 50,000–1,60,000 से लेकर रु. 90,000–2,40,000 तक भर्ती अधिकारियों के लिए, परीक्षण अवधि के पहले 12 महीनों के दौरान कुल भत्तों से रु. 8,000/- प्रति माह को प्रतिधारण राशि के रूप में काटा जाएगा।

उपरोक्त कटौती की गई रिटेंशन राशि 3 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात बिना ब्याज के जारी की जाएगी।

यदि उम्मीदवार बॉन्ड अवधि पूरी किए बिना इस्तीफा देता है, तो उसे निगम की सेवा बॉन्ड नीति के अनुसार बॉन्ड राशि का निपटान करना होगा।

**12. नियुक्ति-पूर्व चिकित्सीय परीक्षण**

उपरोक्त पदों पर नियुक्ति कंपनी द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार अभ्यर्थी के चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ पाए जाने के अधीन होगी। शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को अपना नियुक्ति-पूर्व चिकित्सीय परीक्षण (पीईएमई) एचपीसीएल द्वारा नामित/पैनल में शामिल अस्पतालों में कराना होगा। पद 2.2 और 2.3 के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को पीईएमई के पश्चात अतिरिक्त रूप से शारीरिक स्वस्थता दक्षता परीक्षा (पीएफईटी) उत्तीर्ण करनी होगी जिसमें ऊँचाई पर कार्य परीक्षण, सहनशक्ति परीक्षण एवं फुर्ती परीक्षण शामिल होंगे। चिकित्सकीय रूप से फिटनेस के संबंध में एचपीसीएल के मुख्य चिकित्सा सलाहकार का निर्णय अंतिम एवं अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होगा। चिकित्सीय परीक्षण हेतु संदर्भित किया जाना अंतिम चयन का अर्थ नहीं है।

नियुक्ति-पूर्व चिकित्सीय परीक्षण के मानक एचपीसीएल की कॉर्पोरेट वेबसाइट (www.hindustanpetroleum.com/careers) पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरना प्रारंभ करने से पूर्व एचपीसीएल के नियुक्ति-पूर्व चिकित्सीय परीक्षण मानकों के अनुसार अपनी चिकित्सीय फिटनेस सुनिश्चित कर लें।

13. शारीरिक क्षमता दक्षता परीक्षा

उम्मीदवारों को क्षमता दक्षता परीक्षा के बाद (जहाँ लागू हो) अतिरिक्त रूप से शारीरिक क्षमता दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी, जिसमें ऊँचाई पर कार्य परीक्षण सहनशक्ति परीक्षण और चुस्ती परीक्षण शामिल हैं।

**14. प्लेसमेंट/ तैनाती**

निगम की आवश्यकता के अनुसार चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी नियुक्त किया जा सकता है जिसमें निगम के किसी भी अनुभाग / संयंत्र/ यूनिट / विभाग / डिवीजन या प्रतिष्ठान तथा निगम की किसी अन्य सहयोगी सहायक कंपनी / संयुक्त उद्यम कंपनियों में, प्रबंधन के विवेकानुसार वेतन-भत्तों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना विदेश स्थित कार्यालय भी शामिल हो सकते हैं।

सेवाएँ निगम की आवश्यकता के अनुसार स्थानांतरणीय होंगी। इन पदों में शिफ्ट ड्यूटी में कार्य करना शामिल हो सकता है। चयनित उम्मीदवारों को किसी भी सहायक कंपनी / संयुक्त उद्यम या भारत सरकार के किसी भी विभाग में भी तैनात / नियुक्त किया जा सकता है।

**15. परिवीक्षा**

चयनित अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जाएगा। परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर, अधिकारी को कंपनी की नीति के अनुसार स्थायीकरण के लिए विचार किया जाएगा।

**16. आरक्षण, रियायतें एवं छूट**

a. एससी, एसटी, ओबीसीएनसी, ईडब्ल्यूएस तथा पीडब्ल्यूबीडी (बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति – जिनकी दिव्यांगता 40% या उससे अधिक हो) के लिए पदों का आरक्षण सरकार के निर्देशों के अनुसार होगा। आरक्षण वैधानिक दिशानिर्देशों तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आर. के. सबरवाल बनाम पंजाब राज्य प्रकरण के निर्णय के अनुसार लागू होगा। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने अपने कार्यालय ज्ञापन सं. 36012/2/96-Estt(Res.) दिनांक 02.07.1997 के माध्यम से रिक्ति-आधारित रोस्टर के स्थान पर पद-आधारित रोस्टर लागू किया है। नीचे दिया गया आरक्षण संबंधित श्रेणी-वार संवर्गीय शक्ति, संबंधित श्रेणियों में अधिकता/कमी तथा विज्ञापित रिक्तियों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किया गया है।

श्रेणी-वार रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है।

| वेतन श्रेणी (रू) | एससी | एसटी | ओबीसीएनसी | ईडब्ल्यूएस | अनारक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 30000-120000 | 66 | 50 | 80 | 41 | 177 |
| 50000-160000 | 60 | 31 | 98 | 39 | 179 |
| 60000-180000 | 2 | 1 | 2 | 1 | 4 |
| 80000-220000 | 1 | 0 | 1 | 1 | 2 |


एफ़टीसी के लिए श्रेणी-वार रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है:

| एफ़टीसी स्थिति | एससी | एसटी | ओबीसीएनसी | ईडब्ल्यूएस | अनारक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| वरिष्ठ साइबर सुरक्षा कार्यनीतिकार एवं सलाहकार – आईटी एवं ओटी | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |

**नोट:** क्र.सं. 3.4, 3.5, 3.6, 3.7, 3.8, 3.13, 3.14, 3.15, 3.16, 3.19, 3.20 एवं 3.21 में अधिसूचित पदों के लिए, पद की उपयुक्तता के आधार पर अभ्यर्थियों को अधिसूचित किसी भी वेतनश्रेणी में नियुक्त किया जा सकता है तथा उस श्रेणी में लागू आरक्षण, संवर्गीय शक्ति के अनुसार, लागू किया जाएगा।

b. एससी/एसटी/ओबीसीएनसी/ईडब्ल्यूएस के रूप में आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में (प्रारूप एचपीसीएल की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें अभ्यर्थी की जाति स्पष्ट रूप से अंकित हो, वह अधिनियम/आदेश जिसके अंतर्गत जाति को एससी/एसटी/ओबीसीएनसी के रूप में मान्यता प्राप्त है तथा वह ग्राम/नगर जहाँ अभ्यर्थी सामान्यतः निवास करता/करती है, का उल्लेख हो। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनकी जाति/समुदाय का नाम एवं उसकी वर्तनी, उनके जाति/समुदाय प्रमाणपत्र में, समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित सूचियों में उल्लिखित नाम से पूर्णतः मेल खाती हो (ओबीसीएनसी श्रेणी हेतु भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सूची में मान्यता प्राप्त जातियों की सूची http://www.ncbc.nic.in पर उपलब्ध है, एसटी श्रेणी हेतु प्रत्येक राज्य की सूची www.ncst.nic.in पर उपलब्ध है तथा एससी श्रेणी हेतु प्रत्येक राज्य की सूची http://www.socialjustice.nic.in पर उपलब्ध है)। जाति के नाम में किसी भी प्रकार का अंतर होने पर प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ओबीसी प्रमाणपत्र में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए कि अभ्यर्थी भारत सरकार द्वारा केंद्र सरकार के पदों एवं सेवाओं के लिए निर्धारित 'क्रीमी लेयर' श्रेणी में नहीं आता/आती है।

अनुसूचित जाति (एससी) / अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु:



- अभ्यर्थी जिस जाति/जनजाति से संबंधित है, उसका नाम संबंधित राज्य की एससी एवं एसटी की केंद्रीय सूची में अवश्य होना चाहिए, जिसे क्रमशः भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (https://socialjustice.gov.in/) तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय (https://tribal.nic.in) द्वारा अधिसूचित किया गया हो।
- जाति/जनजाति प्रमाणपत्र में जारी करने की तिथि, प्रमाणपत्र संख्या तथा जाति/जनजाति का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। प्रमाणपत्र में उल्लिखित जाति/जनजाति का नाम संबंधित राज्य की एससी/एसटी केंद्रीय सूची में दिए गए नाम के समान एवं वर्तनी में पूर्णतः मेल खाना चाहिए।
- अभ्यर्थियों को भारत सरकार/केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में पदों पर नियुक्ति हेतु आरक्षण के उद्देश्य से लागू नवीनतम निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी एससी/एसटी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में सक्षम होना चाहिए।
- महाराष्ट्र राज्य से संबंधित एससी/एसटी अभ्यर्थियों के पास महाराष्ट्र सरकार द्वारा उनके नाम से जारी वैध जाति वैधता प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है।

c. अभ्यर्थी के ओबीसी दावे का निर्धारण उस राज्य (या राज्य के उस भाग) के संदर्भ में किया जाएगा, जिससे उसके पिता मूल रूप से संबंधित हैं। अतः जो अभ्यर्थी एक राज्य (या उसके किसी भाग) से दूसरे राज्य में स्थानांतरित हुए हैं, उन्हें ऐसा ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जो उन्हें उनके पिता के उस राज्य के ओबीसी प्रमाणपत्र के आधार पर जारी किया गया हो, जिससे उनके पिता मूल रूप से संबंधित हैं।

d. पीडब्लयूबीडी आरक्षण के अंतर्गत शिथिल मानकों का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी को आरपीडब्लयूबीडी अधिनियम, 2016 के अनुसार निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके अतिरिक्त, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की अधिसूचना सं. 38-16/2020-DD-III-DT.04/01/2021 के अनुसार, इस भर्ती प्रक्रिया में जिन पदों/विषयों में पीडब्लयूबीडी अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र हैं, उनकी सूची रिक्तियों के साथ दी गई है.

पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अंतर्गत दृष्टिबाधिता, चलन-शक्ति दिव्यांगता (दोनों भुजाएँ प्रभावित – BA) तथा सेरेब्रल पाल्सी से संबंधित अभ्यर्थी, जो अपनी दिव्यांगता के कारण लेखक (स्क्राइब) की सुविधा लेने के लिए बाध्य हैं, प्रचलित सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार अपने स्वयं के व्यय पर लेखक साथ ला सकेंगे। लेखक की शैक्षणिक योग्यता परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी की योग्यता से एक स्तर कम होनी चाहिए।

लेखक की सुविधा, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप (सीबीटी में उत्तर देने हेतु परीक्षार्थी की शारीरिक सीमाओं के संबंध में प्रमाणपत्र) के अनुसार किसी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ सिविल सर्जन/ चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर ही दी जाएगी, जिसमें यह प्रमाणित हो कि संबंधित व्यक्ति को कंप्यूटर संचालित करने में शारीरिक सीमा है तथा परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु लेखक की सहायता आवश्यक है। जो बेंचमार्क दिव्यांग अभ्यर्थी अपना स्वयं का

लेखक/रीडर चुनते हैं, उन्हें निर्धारित प्रारूप (अपने स्वयं के लेखक के उपयोग हेतु प्रतिज्ञा-पत्र) के अनुसार लेखक का विवरण प्रस्तुत करना होगा।

दोनों निर्धारित प्रारूप 'Latest Job Opening' के अंतर्गत में एचपीसीएल की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

• अभ्यर्थी द्वारा लाया गया लेखक उसी परीक्षा का अभ्यर्थी नहीं होना चाहिए। यदि प्रक्रिया के किसी भी चरण में इसका उल्लंघन पाया जाता है, तो अभ्यर्थी तथा लेखक दोनों की अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी। जो अभ्यर्थी लेखक की सुविधा लेना चाहते हैं, वे ऑनलाइन आवेदन पत्र में इसका स्पष्ट रूप से उल्लेख अवश्य करें। बाद में किया गया कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जा सकता।

• कोई व्यक्ति एक से अधिक अभ्यर्थियों के लिए लेखक के रूप में कार्य नहीं कर सकता।


• उम्मीदवार द्वारा व्यवस्था किया गया लेखक उसी परीक्षा का अभ्यर्थी नहीं होना चाहिए। यदि प्रक्रिया के किसी भी चरण में उपरोक्त का उल्लंघन पाया जाता है, तो उम्मीदवार तथा लेखक दोनों की अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी। जो उम्मीदवार लेखक की सुविधा के पात्र हैं और परीक्षा में उसका उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन पत्र में अनिवार्य रूप से इसका स्पष्ट उल्लेख करना चाहिए। इसके बाद किया गया कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

- जो व्यक्ति एक उम्मीदवार के लिए लेखक के रूप में कार्य कर रहा है वह किसी अन्य उम्मीदवार के लिए लेखक नहीं बन सकता।
- लेखक किसी भी शैक्षणिक संकाय से हो सकता है। तथापि, लेखक उस पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक संकाय से भिन्न संकाय का होना चाहिए।

• अभ्यर्थी तथा लेखक दोनों को एक उपयुक्त घोषणा-पत्र देना होगा, जिसमें यह पुष्टि की जाएगी कि लेखक उपर्युक्त सभी निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूर्ण करता/करती है। यदि बाद में यह पाया जाता है कि लेखक किसी भी निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता/करती था/थी या महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया गया था, तो ऑनलाइन परीक्षा के परिणाम की परवाह किए बिना अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

• लेखक की सुविधा लेने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा के प्रत्येक एक घंटे के लिए 20 मिनट का प्रतिपूरक समय अथवा निर्देशानुसार अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा।

लेखक स्वयं से उत्तर नहीं देगा/देगी। ऐसा कोई भी व्यवहार पाए जाने पर अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।



- परीक्षा के दौरान किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि लेखक स्वतंत्र रूप से प्रश्नों के उत्तर दे रहा/रही है, तो परीक्षा सत्र समाप्त कर दिया जाएगा तथा अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी। यदि परीक्षा के पश्चात परीक्षा प्रशासक द्वारा यह रिपोर्ट किया जाता है कि लेखक ने स्वतंत्र रूप से उत्तर दिए थे, तो भी ऐसे अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

e. जिन पीडबल्यूबीडी उम्मीदवारों के पास यूडीआईडी कार्ड नहीं है उन्हें यूडीआईडी पोर्टल (https://www.swavlambancard.gov.in/) पर पंजीकरण करना आवश्यक है तथा साक्षात्कार / नियुक्ति के समय यूडीआईडी कार्ड प्रस्तुत करना होगा।

f. इन रिक्तियों पर पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों को नियुक्ति, कार्य की प्रकृति एवं जिम्मेदारियों, कार्यस्थल, जोखिम, शारीरिक/मानसिक तनाव एवं अन्य संबंधित कारकों को ध्यान में रखते हुए दी जाएगी, साथ ही यह सुनिश्चित करते हुए कि उनकी स्थिति पद के कर्तव्यों के यथोचित दक्षता से निर्वहन में बाधा न बने तथा उनके स्वास्थ्य में संभावित गिरावट न हो। अंतिम नियुक्ति, अभ्यर्थी की संबंधित पद के कार्य-प्रोफ़ाइल के अनुसार चिकित्सीय फिटनेस पर आधारित होगी।

g. **ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु आय एवं संपत्ति प्रमाणपत्र वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वैध होना चाहिए तथा यह वित्तीय वर्ष 2024-25 की आय एवं संपत्ति के सत्यापन के आधार पर तैयार किया गया होना चाहिए। उक्त प्रमाणपत्र में जाति का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। "General/Samanya आदि" जैसी प्रविष्टि स्वीकार्य नहीं होगी। प्रमाणपत्र पर अभ्यर्थी का फोटो विधिवत चिपकाया हुआ, हस्ताक्षरित एवं जारीकर्ता प्राधिकारी द्वारा मोहरयुक्त होना चाहिए। ऐसे अभ्यर्थियों को 'आय एवं संपत्ति प्रमाणपत्र' साक्षात्कार के समय (यदि साक्षात्कार हेतु बुलाया जाए) प्रस्तुत करना होगा। उक्त तिथि के बाद 'आय एवं संपत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने हेतु समय-विस्तार का कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल रहते हैं, तो उन्हें साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, सामान्य श्रेणी के अंतर्गत साक्षात्कार हेतु उनका अनुरोध भी स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

h. अधिकतम आयु सीमा में एससी एवं एसटी अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्ष, ओबीसीएनसी के लिए 3 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी (अनारक्षित) के लिए 10 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी (ओबीसीएनसी) के लिए 13 वर्ष तथा पीडब्ल्यूबीडी (एससी/एसटी) के लिए 15 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

i. 01.01.1980 से 31.12.1989 के बीच जम्मू एवं कश्मीर में अधिवासित अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

j. पूर्व सैनिकों एवं कमीशंड अधिकारियों (ECOs/SSCOs सहित) के लिए, बशर्ते कि उन्होंने सशस्त्र बलों में न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा प्रदान की हो तथा भारत सरकार द्वारा निर्धारित अन्य शर्तों को पूरा करते हों, अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट लागू होगी। {संदर्भ: DoPT OM सं. 36034/2/2013-Estt.(Res.) दिनांक 8 अप्रैल 2013}

k. सभी संभावित आयु छूटों सहित अभ्यर्थियों की अधिकतम ऊपरी आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

l. जो ओबीसी अभ्यर्थी “क्रीमी लेयर” श्रेणी से संबंधित हैं, वे ओबीसीएनसी अभ्यर्थियों को प्रदत्त रियायतों के पात्र नहीं होंगे और ऐसे अभ्यर्थियों को अपनी श्रेणी ‘अनारक्षित (यूआर)’ के रूप में अंकित करनी होगी।

m. ओबीसीएनसी अभ्यर्थियों को, यदि व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु बुलाया जाता है, तो कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ज्ञापन सं. 36012/22/93-Estt.(SCT) दिनांक 08.09.1993 के अनुसार यह स्व-घोषणा देनी होगी कि वे ओबीसी-नॉन क्रीमी लेयर से संबंधित हैं।


n. एससी, एसटी, ओबीसीएनसी तथा पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए मूल्यांकन/चयन, कंप्यूटर आधारित परीक्षा, समूह कार्य, व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं समग्र (परीक्षा, समूह कार्य एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार, जहाँ लागू हो) में शिथिल मानक लागू किए जाएंगे।

o. यदि एससी/एसटी/ओबीसीएनसी/ पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र अंग्रेज़ी/हिंदी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में जारी किया गया है, तो अभ्यर्थियों को उसका स्व-प्रमाणित अनुवादित प्रतिलिपि अंग्रेज़ी या हिंदी में प्रस्तुत करनी होगी।


p. ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक बार भरी गई श्रेणी (यूआर/ईडब्ल्यूएस/एससी/एसटी/ओबीसीएनसी/ पीडब्ल्यूबीडी) में परिवर्तन का कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तदनुसार लागू रियायत/छूट प्रदान नहीं की जाएगी। अतः अभ्यर्थियों को श्रेणी का उल्लेख करते समय अत्यंत सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

q. **इसके अतिरिक्त, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी सूचना संख्या 16-15/2010 दिनांक 29/07/2015 के अनुसार, इस भर्ती अभियान में पीडबल्यूबीडी (दिव्यांग उम्मीदवारों) के लिए पात्र पदों/वर्गों की सूची नीचे दी गई है।**

| पद | दिव्यांगजन पात्रता |
|---|---|
| कनिष्ठ कार्यकारी सहायक | B. LV. D. HH. OA. BA. OL. BL. OAL. BLOA. CP. LC. Dw. AAV. MDy. MI. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| मैकेनिकल इंजीनियर/ कनिष्ठ कार्यकारी - मैकेनिकल | LV.D.HH.OA.BA.OL. LC. Dw. AAV. ASD (M). SLD. MI.MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/ कनिष्ठ कार्यकारी - इलेक्ट्रिकल | D. HH. OL. LC. Dw. AAV.SLD.MI.MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| प्रोजेक्ट्स/ सिविल इंजीनियर/ कनिष्ठ कार्यकारी - सिविल/ | LV.D.HH.OA. BA. OL. BL. Dw. AAV. SLD. MI. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| केमिकल इंजीनियर/ कनिष्ठ कार्यकारी - केमिकल | HH. OA. OL. CP. Dw. AAV. SLD. MI. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| ल्यूब ब्लेंडिंग/ग्रीस उत्पादन | D. HH. OA. OL. CP. LC. Dw. AAV. SLD. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |



| | |
|---|---|
| 2G संयंत्र रखरखाव | HH. OA. OL. Dw. AAV. SLD. MI. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| 2जी संयंत्र संचालन/सीबीजी परिचालन | HH. OA. OL. CP. Dw. AAV. SLD. MI. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| मानव संसाधन विधि अधिकारी | LV. HH. OA. BA. B. BLOA. BLA. OL. BL. OAL. LC. Dw. AAV. SLD. MI. Mdy. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| एचआर/ अनुभवी एचआर / कनिष्ठ कार्यकारी एचआर | B. LV. D. HH. OA. BA. OL. OAL. CP. LC. Dw. AAV. MDy. ASD(M). SLD. MI. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| राजभाषा कार्यान्वयन | B. LV. D. HH. OA. BA. OL. BL. OAL. BLOA. CP. LC. Dw. AAV. Mdy. SLD. MI. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| वित्त अधिकारी (सीए/सीएमए/एमबीए) | B. LV. D. HH. OA. BA. OL. BL. OAL. BLOA. CP. LC. Dw. AAV. Mdy.MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| सीजीडी परिचालन और रखरखाव / परियोजनाएं | HH. OA. OL. Dw. AAV. SLD. MI. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| बिक्री | LV. D. HH. OA. BA. OL. CP. LC. Dw. AAV. SLD. MI. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| बेंजीन/टोल्यूइन हैंडलिंग | B. LV. D. HH. OA. OL. OAL. CP. LC. Dw. AAV. MI. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| पेट्रोकेमिकल्स (प्रबंधक- तकनीकी सेवाएँ/उप महाप्रबंधक - तकनीकी सेवाएँ /उप महाप्रबंधक- पॉलीमर निर्यात) | HH. OA. OL. CP. Dw. AAV. SLD. MI. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| वरिष्ठ अधिकारी/सहायक प्रबंधक- फीडस्टॉक खरीद (2G इथेनॉल) | LV. D. HH. OA. OL. BL. CP. LC. Dw. AAV. SLD. MI. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| वरिष्ठ अधिकारी/सहायक प्रबंधक-कंपनी सचिव | B. LV. D. HH. OA. BA. OL. BL. CP. LC. Dw. AAV. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |
| अधिकारी – आईएस<br>सहायक प्रबंधक / प्रबंधक – आईएस (डेटा प्रबंधन / साइबर सुरक्षा / गुणवत्ता आश्वासन) | D. HH. OA. BA. OL. OAL. CP. LC. Dw. AAV. BL. ASD(M). SLD. MI. MD (ऊपर दिए गए संयोजन में से कोई भी) |



| | |
|---|---|
| प्रबंधक / वरिष्ठ प्रबंधक – एंटरप्राइज आर्किटेक्ट<br>वरिष्ठ साइबर सुरक्षा कार्यनीतिज्ञ एवं सलहकार- आईटी और ओटी (एफ़टीसी) | |

**संक्षिप्त रूपों के अनुसार:** B का अर्थ दृष्टिबाधित (Blind), D का अर्थ बहरा (Deaf), LV का अर्थ कमज़ोर दृष्टि (Low Vision), HH का अर्थ सुनने में कठिनाई (Hard of Hearing), OA का अर्थ एक हाथ (One Arm), OL का अर्थ एक पैर (One Leg), BA का अर्थ दोनों हाथ (Both Arms), BL का अर्थ दोनों पैर (Both Leg), OAL का अर्थ एक हाथ और एक पैर (One Arm and One Leg), BLOA का अर्थ दोनों पैर और एक हाथ (Both Leg & One Arm), BLA का अर्थ दोनों पैर और हाथ (Both Legs Arms), CP का अर्थ मस्तिष्क पक्षाघात (Cerebral Palsy), LC का अर्थ कुष्ठ रोग मुक्त (Leprosy Cured), Dw का अर्थ बौनापन (Dwarfism), AAV का अर्थ एसिड अटैक पीड़ित (Acid Attack Victims), ASD(M) का अर्थ ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर जिसमें M का अर्थ हल्का (Mild) और MoD का अर्थ मध्यम (Moderate) है, SLD का अर्थ विशेष शिक्षण अक्षमता (Specific Learning Disability), MI का अर्थ मानसिक बीमारी (Mental Illness), MDy का अर्थ मांसपेशियों का विकार (Muscular Dystrophy), और MD का अर्थ एकाधिक विकलांगताएँ (Multiple Disabilities) है।


r. इंजीनियरिंग पदों (क्रमांक 2.9 से 2.12) के लिए: एचपीसीएल में अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण की अवधि सफलतापूर्वक पूरी करने वाले अप्रेंटिस को भर्ती मानदंडों में छूट दी जाएगी। यह छूट दो चरणों में दी जाएगी: (i) आयु में छूट के संबंध में – किसी उम्मीदवार (ग्रेजुएट अप्रेंटिस ट्रेनी) की पात्रता की गणना करते समय जिस अवधि के लिए संबंधित उम्मीदवार ने किसी भी एचपीसीएल संस्थान में ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण पूरा किया हो, उसके लिए अधिकतम 1 वर्ष तक की छूट दी जाएगी। (ii) कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में प्राप्त कुल अंक का अतिरिक्त 5% – अप्रेंटिस द्वारा CBT में प्राप्त अंकों में अतिरिक्त 5% अंक जोड़े जाएंगे, और इन अतिरिक्त अंक को उम्मीदवारों के CBT अंकों के साथ मिलाकर अगले चयन चरण के लिए उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के उद्देश्य से गणना की जाएगी।

**17. आवेदन प्रक्रिया**

a. ऑनलाइन आवेदन 25 फरवरी 2026 को प्रातः 13:00 बजे से 25 मार्च 2026 को प्रातः **2359** बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।

b. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे केवल www.hindustanpetroleum.com के Careers → Current Openings सेक्शन पर जाकर, विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ने के बाद ऑनलाइन आवेदन करें। अन्य किसी भी माध्यम/विधि से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

c. अधूरी/गलत जानकारी वाले या निर्धारित प्रारूप में न किए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।



d. ऑनलाइन आवेदन में दिया गया ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर कम से कम एक वर्ष तक मान्य होना चाहिए। उम्मीदवारों को अपने नाम पर बनाए गए सही ईमेल आईडी का ही उपयोग करना चाहिए। नकली/छद्म ईमेल आईडी वाले आवेदन के खिलाफ कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी।

e. आवेदन के दौरान उम्मीदवार का फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करना आवश्यक है। इन्हीं का उपयोग सीबीटी के लिए प्रवेश पत्र जारी करने तथा आगे की चयन प्रक्रिया में सत्यापन हेतु किया जाएगा। गलत / अनुपस्थित फोटो या हस्ताक्षर होने की स्थिति में अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

f. ऑनलाइन फॉर्म में दी गई सभी जानकारी अंतिम मानी जाएगी और इसमें कोई बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

g. किसी भी कारण से अधूरा आवेदन शुल्क के साथ जमा करने की स्थिति में, संबंधित उम्मीदवार की योग्यता रद्द कर दी जाएगी और आवेदन शुल्क जब्त कर लिया जाएगा। इस विषय में आगे कोई संवाद या विचार-विमर्श स्वीकार नहीं किया जाएगा।

h. उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्टिंग/चयन प्रक्रिया के दौरान निर्धारित समय में अपनी पात्रता के दस्तावेज़ जमा करने होंगे, जैसा कि एचपीसीएल द्वारा निर्देशित किया जाएगा। आवेदन फॉर्म में दी गई जानकारी और दस्तावेज़ों में नाम, योग्यता या अन्य मानदंडों में किसी भी प्रकार का असंगतता पाए जाने पर उम्मीदवार किसी भी चरण में अयोग्य घोषित किया जा सकता है

i. कुछ पदों के लिए उम्मीदवारों को careers@hpcl.in से ईमेल द्वारा सूचित किया जाएगा और उन्हें आवेदन के समय पंजीकृत ईमेल में उल्लिखित निर्धारित समयसीमा के भीतर आयु, योग्यता, अनुभव आदि से संबंधित अपनी पात्रता के दस्तावेज अपलोड करने होंगे। यदि उम्मीदवार निर्धारित समयसीमा तक दस्तावेज अपलोड करने में विफल रहते हैं, तो उनका आवेदन एवं अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी और इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।


j. विभिन्न पदों के लिए सीबीटी/साक्षात्कार एक ही दिन या विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जा सकते हैं।

k. कंप्यूटर आधारित परीक्षा संबंधित प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा केंद्रों पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

l. सीबीटी/साक्षात्कार के लिए स्थान/तारीख बदलने का कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

m. यदि "ऑनलाइन" परीक्षा के लिए किसी विशेष केंद्र पर पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार विकल्प नहीं चुनते हैं, तो एचपीसीएल को उन उम्मीदवारों को किसी अन्य निकटवर्ती केंद्र आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित है। अथवा यदि किसी केंद्र पर ऑनलाइन परीक्षा के लिए उपलब्ध क्षमता से अधिक उम्मीदवार हो जाते हैं, तो एचपीसीएल को उम्मीदवारों को किसी अन्य केंद्र आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित है।

n. एचपीसीएल यह अधिकार भी सुरक्षित रखता है कि उम्मीदवार को उसके द्वारा चुने गए केंद्र के अलावा किसी अन्य केंद्र पर आवंटित किया जा सकता है।



o. उम्मीदवार अपनी जोखिम और खर्च पर परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देंगे, और किसी भी प्रकार की चोट या हानि आदि के लिए एचपीसीएल जिम्मेदार नहीं होगा।

p. उम्मीदवार द्वारा एक बार चुना गया केंद्र अंतिम माना जाएगा।

q. वर्तमान में एचपीसीएल में कार्यरत उम्मीदवार उन लैटरल पदों (जहाँ न्यूनतम अनुभव आवश्यक है) के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

**18. आवेदन शुल्क**

a. आवेदन शुल्क सभी पदों के लिए लागू है।

b. एससी, एसटी एवं पीडबल्यूबीडी उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

c. यूआर, ओबीसीएनसी तथा ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को ₹1180/- + भुगतान गेटवे शुल्क (यदि लागू हो) की अप्रतिदेय (अप्रतिदेय) राशि का भुगतान करना होगा (आवेदन शुल्क ₹1000/- + GST @18% अर्थात ₹180/- + भुगतान गेटवे शुल्क, यदि लागू हो)।

d. भुगतान का माध्यम: डेबिट / क्रेडिट कार्ड / यूपीआई / नेट बैंकिंग। आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने पर शुल्क सफलतापूर्वक प्राप्त होने के बाद भुगतान स्थिति स्वतः “Your Transaction is successfully completed” में बदल जाएगी।

e. सभी उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि भुगतान स्थिति “पूर्ण” हो, क्योंकि किसी अन्य भुगतान स्थिति में लेनदेन “अपूर्ण” माना जाएगा। भुगतान करने के बाद उम्मीदवारों को भुगतान की रसीद का प्रिंट निकालकर भविष्य के संदर्भ हेतु सुरक्षित रखना होगा।

f. उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य भुगतान माध्यम को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

g. एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। साथ ही किसी भी कारण से चार्जबैक का दावा भी स्वीकार्य नहीं होगा।

h. भुगतान किया गया शुल्क केवल आवेदन प्रस्तुत करने के लिए है और इससे किसी भी प्रकार से साक्षात्कार कॉल लेटर आदि जारी होने की गारंटी नहीं मिलती।

**19. सामान्य निर्देश**

a. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

b. आयु/संबंधित अनुभव की आवश्यकता/योग्यता की सभी गणनाएँ ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि यानी 25 मार्च 2026 के सापेक्ष की जाएंगी।

c. किसी भी प्रश्न के लिए ईमेल करते समय विषय पंक्ति को इस प्रारूप में रखें: “पद का नाम – आवेदन संख्या” और ईमेल भेजें careers@hpcl.in पर।

d. सभी योग्यताएँ पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम होनी चाहिए और AICTE अनुमोदित / UGC मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / डीन विश्वविद्यालय से होनी चाहिए। ऑटोनॉमस संस्थानों द्वारा प्रदान किए गए पाठ्यक्रम उन संबंधित पाठ्यक्रमों के समकक्ष होने चाहिए जिन्हें Association of Indian Universities (AIU / UGC / AICTE) द्वारा अनुमोदित/मान्यता प्राप्त किया गया हो। *Integrated MTech और Dual Degree पाठ्यक्रमों के उम्मीदवार भी आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते कि न्यूनतम पात्रता मानदंड पूरे किए गए हों।*

e. जहाँ भी किसी पात्रता डिग्री में CGPA/OGPA या लेटर ग्रेड दिया गया हो, आवेदन फॉर्म में इसके समकक्ष प्रतिशत अंक दिए जाने चाहिए, जैसा कि विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार हो। कृपया इस संबंध में विश्वविद्यालय/संस्थान से एक प्रमाण पत्र भी प्राप्त करें, जो साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

f. किसी शैक्षणिक संस्थान में शिक्षण और अनुसंधान अनुभव को प्रासंगिक कार्य अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा।

g. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार की पात्रता अंतरिम होगी और इसे प्रमाण पत्र/टेस्टिमोनियल, चिकित्सीय योग्यता आदि के बाद सत्यापन के अधीन रखा जाएगा।

h. उम्मीदवारों को (यदि उन्हें आगे के चयन चरणों के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है) अनिवार्य रूप से यह घोषणा करनी होगी कि उन्हें किसी अपराध के लिए गिरफ्तार, अभियोगित, हिरासत में रखा गया या जुर्माना लगाया गया हो, किसी न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया हो, या किसी लोक सेवा आयोग द्वारा उसकी परीक्षा में भाग लेने से अयोग्य/प्रतिबंधित किया गया हो। केवल CBT में शॉर्टलिस्ट होना साक्षात्कार का अधिकार नहीं देता है और कॉर्पोरेशन यह अधिकार सुरक्षित रखता है कि वह उम्मीदवारों को उनके प्रमाण-पत्र/घोषणाओं के आधार पर उपयुक्त पाए जाने पर ही बुलाए।

i. ऑनलाइन फॉर्म में दी गई सभी जानकारी अंतिम मानी जाएगी और बाद में किसी भी प्रकार के बदलाव का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए, उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन फॉर्म भरते समय अत्यंत सावधानीपूर्वक सभी संबंधित क्षेत्रों में सही जानकारी भरें। एक बार जमा किया गया आवेदन बाद में किसी संपादन के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा।

j. चयनित उम्मीदवारों को अपने नियुक्ति पत्र में उल्लिखित तिथि को संगठन में शामिल होना अनिवार्य होगा। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो संगठन यह अधिकार सुरक्षित रखता है कि वह नियुक्ति पत्र को बिना किसी आगे की संवाद/संदर्भ के रद्द या वापस ले सकता है।

k. कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT), समूह कार्य और/या साक्षात्कार कॉल लेटर आदि उम्मीदवारों को हार्ड कॉपी में नहीं भेजे जाएंगे। उम्मीदवारों को इन्हें एचपीसीएल वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा।कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए सूचना ईमेल/एसएमएस के

माध्यम से भी भेजी जाएगी। उम्मीदवार संबंधित लिंक पर क्लिक करने के बाद कॉल लेटर डाउनलोड करने की विंडो तक पहुँच सकते हैं। कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवार को निम्नलिखित का उपयोग करना होगा: (i) पंजीकरण संख्या/रोल नंबर, (ii) पासवर्ड/जन्म तिथि। उम्मीदवार को कॉल लेटर पर हाल की पहचान योग्य फोटो लगानी होगी, जो पंजीकरण के समय प्रदान की गई फोटो के समान हो, और परीक्षा केंद्र पर (i) कॉल लेटर और (ii) फोटो पहचान प्रमाण के साथ उपस्थित होना होगा (आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन, पासपोर्ट)।

l. एचपीसीएल व्यक्तिगत उम्मीदवारों के उत्तरों (सही और गलत) का अन्य उम्मीदवारों के उत्तरों के साथ विश्लेषण करेगा, ताकि समानता के पैटर्न का पता लगाया जा सके। यदि इस संबंध में एचपीसीएल द्वारा अपनाई गई विश्लेषणात्मक प्रक्रिया से यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि उत्तर साझा किए गए हैं और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं हैं, तो एचपीसीएल संबंधित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है तथा ऐसे अयोग्य घोषित उम्मीदवारों का परिणाम रोका जा सकता है।

m. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यदि किसी उम्मीदवार द्वारा गलत जानकारी देने और/या प्रक्रिया के उल्लंघन का मामला पाया जाता है, तो उसे चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा तथा भविष्य में एचपीसीएल की किसी भी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि ऐसे मामले वर्तमान चयन प्रक्रिया के दौरान पता नहीं चल पाते, किंतु बाद में सामने आते हैं, तो अयोग्यता पूर्व प्रभाव (retrospective effect) से लागू की जाएगी।


n. कुल रिक्तियों की संख्या तथा आरक्षित रिक्तियाँ अस्थायी (प्रावधिक) हैं और व्यवसायिक आवश्यकताओं के आधार पर निगम के विवेकानुसार इनमें वृद्धि या कमी की जा सकती है। एचपीसीएल यह अधिकार सुरक्षित रखता है कि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में विज्ञापित किसी एक या सभी पदों को न भरें।

o. सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में अद्यतन जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.hindustanpetroleum.com नियमित रूप से देखते रहें। उम्मीदवार कृपया ध्यान दें कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान एचपीसीएल के किसी भी अधिकारी से व्यि गत संपर्क और/या संवाद को हतोत्साहित किया जाता है, सिवाय अत्यंत आवश्यक/महत्वपूर्ण परिस्थितियों के।

p. गलत/अमान्य ईमेल आईडी या संपर्क नंबर के कारण भेजे गए ईमेल या अन्य किसी संचार की हानि/न पहुँचने के लिए एचपीसीएल जिम्मेदार नहीं होगा। ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर में परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

q. एचपीसीएल संबंधित क्षेत्र/केंद्र से प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर किसी भी परीक्षा केंद्र/व्यक्तिगत साक्षात्कार केंद्र को रद्द करने या नया केंद्र जोड़ने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

r. कॉर्पोरेशन यह अधिकार भी सुरक्षित रखता है कि वह बिना किसी पूर्व सूचना और बिना कोई कारण बताए भर्ती/चयन प्रक्रिया को रद्द, सीमित, संक्षिप्त या विस्तारित कर सकता है।



s. उम्मीदवारों को केवल एक ही आवेदन प्रस्तुत करने की सलाह दी जाती है। यदि किसी उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक आवेदन किए जाते हैं, तो नवीनतम आवेदन को अंतिम माना जाएगा और पूर्व के सभी आवेदन बिना किसी सूचना के निरस्त कर दिए जाएंगे।

t. वर्तमान में सरकारी विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों /सरकार के स्वामित्व वाले स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को अपना आवेदन उचित प्रक्रिया के माध्यम से प्रस्तुत करना चाहिए। उन्हें व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय मूल हार्ड कॉपी में अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उन्हें व्यक्तिगत साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यदि कोई अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के बाद सरकार / सार्वजनिक उपक्रमों / स्वायत्त निकायों में कार्यभार ग्रहण करता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों को, साथ ही उन अभ्यर्थियों को जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की विधिवत प्राप्ति रसीद की प्रति प्रस्तुत की है, साक्षात्कार से पूर्व दस्तावेज़ सत्यापन के समय निर्धारित स्थल पर विधिवत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्यथा, आवेदन किए गए पद के लिए उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।


u. उम्मीदवारों (शैक्षणिक वर्ष 2025–26 में उत्तीर्ण होने वाले अंतिम वर्ष के डिग्री छात्र को छोड़कर, यह केवल फ्रेशर पदों के लिए लागू है।) के पास आवेदन के समय सभी आवश्यक डिग्री प्रमाण पत्र और अंकतालिकाएँ होना अनिवार्य है तथा उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। जिन पदों के लिए अनुभव अनिवार्य है, वहाँ संबंधित कार्य अनुभव की गणना विज्ञापन के अनुसार पात्रता डिग्री पूर्ण होने के बाद से की जाएगी।

v. अंतिम वर्ष के छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, नियुक्ति इस अधिसूचना के अनुसार पात्रता मानदंडों को पूरा करने की शर्त पर ही की जाएगी।

w. सभी आवेदकों को पद की अनिवार्य आवश्यकताओं तथा विज्ञापन में निर्धारित अन्य शर्तों को पूरा करना होगा। उन्हें सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पूर्व स्वयं अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें। पात्रता संबंधी सलाह हेतु किसी भी प्रकार की पूछताछ स्वीकार नहीं की जाएगी।

x. अनुभवी पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना बायोडाटा तथा कार्य-अनुभव से संबंधित दस्तावेज़ अपलोड करें और साक्षात्कार में उपस्थित होने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वे सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। यदि पात्रता मानदंडों की पूर्ति हेतु पर्याप्त दस्तावेजी प्रमाण न होने के आधार पर अभ्यर्थी अयोग्य पाए जाते हैं, तो उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी तथा किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

y. उम्मीदवारों को अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पहले ही ऑनलाइन आवेदन कर दें और शुल्क जमा करने के लिए अंतिम दिन तक प्रतीक्षा न करें, ताकि इंटरनेट पर अधिक लोड या वेबसाइट जाम होने के कारण कनेक्शन टूटने/लॉगिन में असमर्थता/विफलता की संभावना से बचा जा सके।



z. कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए एससी, एसटी एवं पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को स्लीपर श्रेणी का रेल किराया तथा साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले सभी उम्मीदवारों को 3rd AC का रेल किराया, न्यूनतम मार्ग से, बाहरी (आउटस्टेशन) यात्रा हेतु देय होगा, बशर्ते यात्रा की दूरी 30 किमी से कम न हो। जो उम्मीदवार अपने मेलिंग पते के निकटतम केंद्र के अतिरिक्त किसी अन्य परीक्षा केंद्र का चयन करते हैं, उन्हें यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा। उम्मीदवारों को एचपीसीएल वेबसाइट पर दिए गए निर्देशानुसार यात्रा भत्ता (टीए) फॉर्म भरना होगा तथा यात्रा के प्रमाण के साथ उसे जमा/अपलोड करना होगा। यात्रा भत्ता का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। यह प्रतिपूर्ति उन उम्मीदवारों पर लागू नहीं होगी जो पहले से केंद्र/राज्य सरकार की सेवाओं/पीएसयू में कार्यरत हैं।

aa. यदि अंग्रेज़ी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा के संस्करण की व्याख्या को लेकर कोई अस्पष्टता या विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेज़ी संस्करण ही मान्य होगा।

**गलत/झूठी जानकारी देना या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाना अयोग्यता का कारण बनेगा और ऐसी गलत/झूठी जानकारी देने के परिणामों के लिए एचपीसीएल जिम्मेदार नहीं होगा। चूँकि सभी आवेदनों की प्रारंभिक जाँच बिना दस्तावेज़ी प्रमाण के की जाएगी, इसलिए उम्मीदवारों को स्वयं यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उसकी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। यदि भर्ती एवं चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार ने गलत या झूठी जानकारी दी है या किसी भी पात्रता मानदंड के संबंध में अयोग्य पाया जाता है, तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी। यदि पात्रता मानदंडों से संबंधित कोई भी विसंगति, गलत/झूठी जानकारी देना या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाना नियुक्ति के बाद भी पाया जाता है, तो उसकी सेवाएँ बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती हैं। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी प्रकार की सिफारिश (कैनवसिंग) करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

**किसी भी विवाद की स्थिति में अधिकार क्षेत्र (जूरिस्डिक्शन) मुंबई का होगा।**

**आम जनता को सूचित किया जाता है कि सभी आवेदन केवल हमारे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाते हैं और एचपीसीएल द्वारा यह कार्य किसी भी एजेंसी/व्यक्ति को आउटसोर्स नहीं किया गया है। आवेदकों को ऐसी किसी भी धोखाधड़ी करने वाली एजेंसियों से सावधान रहने की सलाह दी जाती है।**

**किसी भी प्रकार का संशोधन/परिशिष्ट (Corrigendum/Addendum) केवल हमारी वेबसाइट www.hindustanpetroleum.com पर ही अपलोड किया जाएगा।**

-------------------------------------------END OF DOCUMENT------------------------------------------------------------

